● सीधी, सिंगरौली, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 94, पृष्ठ : 08, सीधी, शनिवार, 11 मई 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



कंगना मंडी के अंगना फ्लाप होगी: सुक्खू 5

राहुल द्रविड़ दुबारा आवेदन कर सकते है: बीसीसीआई 6

## आरक्षण पर कांग्रेस का हाल चोर मचाए शोर जैसा : पीएम

### पीएम मोदी बोले- नकली शिवसेना मुझे जिंदा गाड़ना चाहती है

नंदूरबार

लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने महाराष्ट्र के नंदूरबार में चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा- नकली शिवसेना वाले मुझे जिंदा गाड़ने की बात कर रहे हैं।

एक तरफ कांग्रेस है, जो कहती है कि मोदी तेरी कब्र खुदेगी। दूसरी तरफ नकली शिवसेना मुझे जिंदा गाड़ने की बात करती है। मुझे गाली देते हुए भी ये लोग तुष्टिकरण का पूरा ध्यान रखते हैं।

इसके अलावा मोदी ने आरक्षण के मुद्दे पर भी चर्चा की। मोदी ने कहा- मैं 17 दिन से कांग्रेस को चुनौती दे रहा हूं। मैंने कांग्रेस से कहा है कि वो लिखकर



बताए कि वो एससी-एसटी और ओबीसी के आरक्षण के टुकड़े नहीं करेंगे। और न ही मुसलमानों में बाटेंगे। मेरे सवाल का कांग्रेस ने अब तक जवाब नहीं दिया है। इसका मतलब कांग्रेस का हिडन एजेंडा आपका हक लूटना है। मेरे इस चैलेंज पर कांग्रेस की चुप्पी का मतलब दाल में कुछ काला है। आरक्षण पर कांग्रेस का हाल चोर मचाए शोर वाला है। धर्म के आधार पर आरक्षण बाबा साहेब की भावना के खिलाफ है। संविधान की भावना के खिलाफ है, लेकिन कांग्रेस का एजेंडा है- दलित, पिछड़े, आदिवासी का आरक्षण छीनकर अपने वोटबैंक को देना।

कांग्रेस के शहजादे के गुरु अमेरिका में रहते हैं। उन्होंने भारत के लोगों पर रंगभेदी टिप्पणी की है। जिनका रंग भगवान कृष्ण जैसा होता है, कांग्रेस उन्हें अफ्रीकन मानती है। इसलिए द्रौपदी मुर्मू जी का राष्ट्रपति बनना उन्हें मंजूर ही नहीं था। शहजादे के गुरु ने अमेरिका से कहा है कि राम मंदिर का निर्माण और रामनवमी का उत्सव भारत के विचार के खिलाफ है।

एनडीए ने आदिवासी बेटी को राष्ट्रपति बनाया। लेकिन आपको याद रखना चाहिए कि वो कौन लोग थे, जिन्होंने आदिवासी बेटी द्रौपदी मुर्मू जी को राष्ट्रपति का चुनाव हराने के लिए रात-दिन एक कर दिए थे। ये कांग्रेस वाले थे, जिन्होंने एक आदिवासी बेटी को राष्ट्रपति बनने से रोकने के लिए रात-दिन एक कर दिए थे।

कांग्रेस वाले इतने अहंकार से भरे हुए हैं कि गरीब इनके लिए कोई मायने नहीं रखता। आज ये गरीब का बेटा आपका सेवक बनकर जब प्रधानमंत्री पद पर काम कर रहा है तो ये गरीब विरोधी मानसिकता वाले, शाही परिवार की मानसिकता वाले इसे बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं।

महाराष्ट्र के एक दिग्गज नेता बारामती में चुनाव के बाद हताश हो गए हैं। उनको लगता है कि अगर 4 जून के बाद राजनीतिक जीवन में टिके रहना है, तो छोटे-छोटे दलों को कांग्रेस में विलय कर लेना चाहिए। इसका मतलब है कि नकली एनसीपी और नकली शिवसेना ने कांग्रेस में मर्जर करने का मन बना लिया है।

## भगवान परशुराम की जन्मस्थली जानापाव को विकसित करने के लिए सरकार काम करेगी: डॉ. यादव

**इंदौर।** अक्षय तृतीया और भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा जानापाव पहुंचे। सीएम ने धार लोकसभा क्षेत्र में स्थित परशुराम जी की जन्मस्थली जानापाव पर दर्शन एवं पूजन कर प्रदेश की समृद्धि की कामना की। डॉ. यादव ने जानापाव की सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की एक विशेषता है। जब-जब अधर्म बढ़ता है, अवतारी पुरुष समय-समय पर जन्म लेते हैं और प्राणियों के कल्याण के लिए काम करते हैं। ऐसे ही जानापाव की धरती पर भगवान परशुराम का जन्म हुआ था।

उन्होंने कहा कि उज्जैन स्थित सांदीपनी आश्रम में भगवान श्रीकृष्ण ने शिक्षा प्राप्त की थी। जब उनकी शिक्षा पूर्ण हुई तो गुरुमाता ने उनसे दक्षिणा स्वरूप अपने बेटे को राक्षस जम से वापस लाने के लिए कहा था। जम से युद्ध करने के लिए



भगवान श्रीकृष्ण को अस्त्र की जरूरत थी। तब अपने गुरु सांदीपनी के कहने पर वे परशुराम जी से मिले, जहां परशुराम जी ने श्रीकृष्ण को सुदर्शन चक्र प्रदान किया था। डॉ यादव ने कहा कि परशुराम जी द्वारा दिया गया सुदर्शन चक्र बलराम जी से हिला ही नहीं था। उन्होंने श्रीकृष्ण से कहा कि यह चक्र योगबल से हिलता है, इसलिए तुम ही इसे धारण कर सकते हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बारंबार अभिनंदन है कि वे देश में सांस्कृतिक अनुष्ठान का पर्व चला रहे हैं और हमारी धरोहरों को बचाने का काम कर रहे हैं। भगवान परशुराम की साधना स्थलियां कई जगह होंगी लेकिन जानापाव का महत्व इसलिए ज्यादा है क्योंकि यहां पर उन्होंने श्रीकृष्ण को चक्र प्रदान किया था। जानापाव को विकसित करने के लिए मध्यप्रदेश सरकार काम करेगी और यहां पर एक केंद्र बनाया जाएगा। जैसे ही आचार संहिता हटेगी इस प्रोजेक्ट पर काम करना शुरू करेंगे। भाजपा की सरकार ने यह निर्णय लिया है। मध्यप्रदेश में जहां भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण की लीलाएं हुई हैं उन सभी स्थलों को तीर्थ बनाया जाएगा।

## माता-पिता का अपमान बर्दाश्त नहीं करूंगा: उद्धव

**मुंबई।** लोकसभा चुनाव के तीन चरणों के मतदान के बाद सियासी दलों का प्रचार अभियान तेज हो गया है। विभिन्न दलों के नेता एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं। इसी कड़ी में शिवसेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पलटवार किया और उनके बालासाहेब का नकली संतान वाले बयान की आलोचना की। ठाकरे ने कहा कि वह अपने माता-पिता का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे।

उद्धव अहमदनगर के श्रीरामपुर में अपनी पार्टी के शिरडी लोकसभा सीट से उम्मीदवार भाऊसाहेब वाकचौरे के लिए आयोजित रैली को संबोधित कर रहे थे।



इस दौरान उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री एक तरफ ऐसे बयान देंगे। फिर 17 मई को मुंबई के दौरे के दौरान दिवंगत शिवसेना संस्थापक के शिवाजी पार्क स्मारक पर सिर झुकाएंगे। उन्होंने कहा, तेलंगान में एक रैली में प्रधानमंत्री ने कहा कि वह बालासाहेब के नकली संतान के बारे में पूछना चाहते हैं। मोदी जी को मुझसे लड़ना चाहिए, लेकिन अगर आप मेरे माता-पिता का अपमान करेंगे तो मैं इसे बर्दाश्त नहीं करूंगा। ठाकरे ने कहा कि प्रधानमंत्री को 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में नामांकन के दौरान उनके हस्ताक्षर लेने में कोई समस्या नहीं हुई, लेकिन अब वह उनकी पार्टी को निशाना बना रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने आंध्र प्रदेश के राजमपेट में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा था, मैं जरा बाला साहेब ठाकरे के नकली शिवसेना के जो उनके संतान हैं..जरा बालासाहेब को याद करो... मैं उनकी नकली संतानों को पूछना चाहता हूं...मैं उनके बुजुर्ग नेता से भी पूछना चाहते हूं,जिन्होंने कहा कि पश्चिम भारत के लोग अरबी लगते हैं, क्या महाराष्ट्र के लोगों को ये भाषा मंजूर है क्या।

## टाटा मोटर्स का सालाना मुनाफा 1000 फीसदी बढ़ा

**मुंबई।** ऑटोमोबाईल कंपनी टाटा मोटर्स का वित्त वर्ष 2024 में मुनाफा 1000% से ज्यादा बढ़कर 31,807 करोड़ रुपए हो गया है। वित्त वर्ष 2023 में मुनाफा 2,689 करोड़ रुपए रहा था। टाटा मोटर्स ने आज यानी 10 मई को चौथी तिमाही और सालाना नतीजे जारी किए हैं। वहीं टाटा मोटर्स का चौथी तिमाही यानी जनवरी-मार्च के तीन महीनों का मुनाफा सालाना आधार पर 218.93% बढ़कर 17,528.59 करोड़ रुपए हो गया है। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी ने 5,496.04 करोड़ रुपए का कॉन्सोलिडेटेड नेट प्रॉफिट दर्ज किया था।

## पीओके भारत का हिस्सा, प्रत्येक सियासी दल उसकी वापसी के लिए प्रतिबद्ध: जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) भारत का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि देश का प्रत्येक सियासी दल उसकी वापसी के लिए प्रतिबद्ध है और यह वास्तव में हमारी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता है।

जयशंकर नई दिल्ली के गार्गी कॉलेज के छात्रों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा, पीओके के बारे में मैं इतना ही कह सकता हूं कि संसद में एक प्रस्ताव है और इस देश का प्रत्येक राजनीतिक



दल यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि पीओके वापस भारत में मिले। यह हमारी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता है। जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को समाप्त करने का हवाला देते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि लोगों को पहले लगता था कि अनुच्छेद 370 को नहीं बदला जा सकता है। तब की राजनीति ने इस बात को लोगों की दिमाग में घुसा दिया था। लेकिन हमने इसे बदल दिया। उन्होंने कहा, एक बार जब हमने इसे बदल दिया तो पूरी जमीनी स्थिति बदल गई। उन्होंने यह भी कहा कि अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त होने के बाद लोग अब पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के मुद्दे के बारे में सोच रहे हैं। उन्होंने कहा, हमने अनुच्छेद 370 को हटाने का सही फैसला लिया है।

## बेंगलुरु में बारिश के चलते 17 फ्लाइट चेन्नई डाइवर्ट

**नई दिल्ली।** बेंगलुरु में गुरुवार रात और शुक्रवार सुबह हुई बारिश के चलते पूरे शहर में पानी भर गया। भारी बारिश की वजह से कर्नाटक इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल 2 में पानी लीक होने के चलते कई डोमेस्टिक फ्लाइट्स को डाइवर्ट करना पड़ा। वहीं, कई सड़कों में भी पानी भर जाने के चलते पुलिस को दूसरे रास्तों में ट्रैफिक को मोड़ना पड़ा। बेंगलुरु इंटरनेशल एयरपोर्ट लिमिटेड ने एक स्टेटमेंट में कहा कि 9 मई की रात बहुत कम समय के अंदर बहुत ज्यादा बारिश होने से एयरपोर्ट के टर्मिनल्स में पानी का रिसाव होने लगा।

## केजरीवाल 39 दिन बाद तिहाड़ जेल से बाहर आए

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 39 दिन बाद शुक्रवार (10 मई) की शाम को 6 बजकर 55 मिनट पर तिहाड़ जेल से बाहर आए। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें 1 जून तक के लिए अंतरिम जमानत दी है। उन्हें 2 जून को हर हाल में सरेंडर करने को कहा गया है।

रिहाई के बाद केजरीवाल ने कार्यकर्ताओं से कहा, आप से निवेदन है हमें सबको मिलकर देश को तानाशाही से बचाना है। मैं तन मन धन से लड़ रहा हूं। तानाशाही के खिलाफ संघर्ष कर रहा हूं। आज आपके बीच आके अच्छा लग रहा है। कल सुबह 11 कनॉट प्लेस हनुमान जी के मंदिर में मिलेंगे। हनुमान जी का आशीर्वाद लेंगे। 1 बजे पार्टी ऑफिस में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। केजरीवाल दिल्ली शराब नीति मामले में 1 अप्रैल (39 दिन) से तिहाड़ जेल में बंद थे। अदालत ने आज दोपहर 2 बजे एक लाइन में फैसला सुनाया। हालांकि, उनके वकील ने 5 जून तक की रिहाई का अनुरोध किया था, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया एक जून को खत्म हो जाएगी।

## जनता को गुमराह कर रहा विपक्ष : गडकरी

**मुंबई।** देश में इन दिनों चुनावी मौसम चल रहा है। अब तक तीन चरणों के दौरान कई प्रदेशों में मतदान हो गए हैं और अभी आगे कई राज्यों में कराए जाने हैं। इसके साथ ही धुआंधार चुनाव प्रचार का दौर भी जारी है। वोटरों को लामबंद करने के लिए विभिन्न राजनैतिक दलों के नेता अलग-अलग राज्यों का दौरा कर रहे हैं और विरोधियों के खिलाफ बयानबाजी कर एक-दूसरे की पोल खोलने में लगे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को भाजपा नेता नितिन गडकरी ने विपक्षी दल पर निशाना साधा। केंद्रीय मंत्री महाराष्ट्र की बीड लोकसभा सीट से



भाजपा उम्मीदवार पकंजा मुंडे के समर्थन में प्रचार करने पहुंचे। इस दौरान एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विपक्षी दल लोगों को भ्रमित कर रहे हैं कि भाजपा सत्ता में आई तो संविधान बदल देगी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट का आदेश है कि संविधान को बदला नहीं जा सकता सिर्फ संशोधित किया जा सकता है। कांग्रेस अपने शासनकाल में अब तक 80 बार संवैधानिक संशोधन कर चुकी है। कांग्रेस की ही गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश की जनता गरीब बनी हुई है। गडकरी ने कहा कि जब तक देश के आखिरी गरीब व्यक्ति को लाभ नहीं मिलता, तब तक हम रुकेंगे नहीं। कांग्रेस की गलत आर्थिक नीतियों के कारण ही देश में लोग गरीब रहे। हमने 10 साल काम किया। 60 साल तक सत्ता में रहने के बावजूद कांग्रेस ने कुछ नहीं किया। वे अपने काम के बल पर चुनाव नहीं लड़ सकते इसलिए वे जनता को भ्रमित कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि आप सभी जाति और धर्म के आधार पर वोट न करें।

## ईसी ने खड़गे से कहा-वोटिंग डेटा में गड़बड़ी नहीं हुई, हमारा डेटा कलेक्शन प्रोसेस मजबूत

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को चुनाव आयोग ने सोच-समझकर बयान देने को कहा है। दरअसल, चुनाव आयोग ने 30 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के दो फेज की वोटिंग के बाद फाइनल आंकड़े जारी किए थे। इस पर खड़गे ने सवाल उठाए थे।

आयोग ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर लिखा- वोटिंग का आंकड़ा जारी करने में कोई देरी नहीं हुई। फाइनल वोटिंग डेटा हमेशा वोटिंग के दिन से ज्यादा ही रहता है। 2019 के चुनाव के बाद से हम मैट्रिक्स पर इसे अपडेट कर रहे हैं। हमारे डेटा कलेक्ट करने के तरीके में कोई भी गड़बड़ी नहीं है। आयोग ने कहा कि खड़गे ऐसे आरोप लगाकर चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठा रहे हैं। ऐसे आरोपों से लोगों के बीच भ्रम की स्थिति बनती है और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया में दिक्कतें होती हैं। मतदाताओं की भागीदारी पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। बड़ी संख्या में चुनाव के लिए काम कर रही टीम का उत्साह कम हो सकता है। खड़गे ने 7 मई को इंडिया के दलों के नेताओं को लेटर लिखा था। खड़गे ने कहा था कि पहले चुनाव आयोग 24 घंटे के अंदर यह बता देता था कि कितना फीसदी मतदान हुआ है, लेकिन इस बार देरी हो रही है, उसकी वजह क्या है? इसे लेकर अभी तक आयोग द्वारा कोई सफाई क्यों नहीं दी गई है। देरी के बाद भी जो डेटा आयोग ने रिलीज किया है उसमें कई अहम जानकारियां नहीं हैं।

## झरोखा




## बीजेपी को वास्तविक मुद्दों पर चुनाव लड़ना चाहिए: प्रियंका



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, अगर अय्यर का बयान पुराना है तो हम आज इस पर चर्चा क्यों कर रहे हैं। प्रियंका ने शुक्रवार (10 मई) को पार्टी नेता मणिशंकर अय्यर की पाकिस्तान पर की गई टिप्पणी को लेकर भाजपा पर पलटवार किया।

यूपी के अमेठी में एजेंसी के साथ इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि भाजपा को वास्तविक मुद्दों पर चुनाव लड़ना चाहिए। लोग नहीं चाहते की धर्म और जाति के आधार पर इलेक्शन हो। चुनाव जीतने के लिए भाजपा हिंदू-मुस्लिम वाली बयानबाजी कर रही है। रायबरेली और अमेठी सीट पर पांचवे फेज में 20 मई को मतदान होना है। प्रियंका वोटिंग तक दोनों सीटों पर लगातार चुनावी रैलियां कर रही हैं। रायबरेली से कांग्रेस के राहुल गांधी और बीजेपी के दिनेश प्रताप सिंह के बीच लड़ाई है और अमेठी से भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी का मुकाबला कांग्रेस के किशोरी लाल शर्मा से है।

बीजेपी हिंदू-मुस्लिम बयानबाजी करके कितने चुनाव जीतना चाहती है। हम महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं और वास्तविक मुद्दों पर चुनाव लड़ना चाहते हैं। वे समस्याएं जिनका हम अपने दैनिक जीवन में सामना करते हैं। लोग पूछ रहे हैं कि इन मुद्दों पर कहां ध्यान दिया जा रहा है।

## इतिहास में पहली बार कपाट खुलने पर पहुंचे इतने श्रद्धालु

**रुद्रप्रयाग।** पंचकेदार में प्रमुख केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ ही यात्रा में नया अध्याय भी जुड़ गया है। शुक्रवार को कपाटोद्घाटन पर धाम में 29030 श्रद्धालुओं ने बाबा केदार के दर्शन किए। इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि कपाटोद्घाटन के मौके पर इनती बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

श्रीबदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के कार्यधिकारी रमेश चंद्र तिवारी ने कहा कि इस उपलब्धि से यात्रा में नया अध्याय जुड़ा है। पहले दिन जिस तरह से श्रद्धालुओं से का उत्साह देखने को मिला है, उससे उम्मीद है कि आने वाले दिनों में श्रद्धालुओं की संख्या और भी अधिक हो सकती है।

भगवान आशुतोष के द्वादश



ज्योतिर्लिंग में एक केदारनाथ धाम के कपाट वेद मंत्रोच्चार के बीच शुभ लग्न पर शुक्रवार सुबह 7 बजे खोल दिए गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित कई गणमान्य लोगों ने बाबा केदार के दर्शन किए। हजारों श्रद्धालु भी इस पावन पल के साक्षी बने।

बाबा के दर्शनों के लिए भक्तों की रात्रि एक बजे से लाइन लगनी शुरू हो गई थी। शुक्रवार को सुबह 6 बजे से ही मंदिर में कपाट खुलने की प्रक्रिया शुरू की गई। सुबह 6.30 बजे केदारनाथ धाम के रावल भीमाशंकर लिंग, धाम के लिए नियुक्त मुख्य पुजारी शिव शंकर लिंग परंपराओं का निर्वहन करते हुए मंदिर में पहुंचे।

रावल भीमाशंकर लिंग ने कहा कि भगवान केदारनाथ छह माह अपने धाम में विराजमान हो गए हैं। अब, बाबा के भक्त छह माह तक अपने आराध्य के दर्शन और पूजा-अर्चना धाम में ही करेंगे। उन्होंने भगवान केदारनाथ से देवभूमि उत्तराखंड और समस्त भारतवर्ष की सुख-समृद्धि की कामना की।

इसके उपरांत ठीक सुबह 7 बजे धाम के कपाट खोले गए। इस मौके पर पूरा केदारनाथ क्षेत्र बाबा के जयकारों से गूंज उठा। सुबह 10 बजे तक पूरा मंदिर परिसर भक्तों से पूरी तरह से खचाखच भर गया था। मुख्य पुजारी शिव शंकर लिंग ने बाबा केदार को समाधि रूप से जागृत किया और पूजा-अर्चना करते हुए अन्य परंपराओं का निर्वहन किया। इसके बाद बाबा केदार के दर्शनों के लिए भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा।

# पुरानी रंजिश को लेकर युवक की कर दी बेदम पिटाई

## सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज,सरई थाना क्षेत्र के ग्राम इटवां की घटना

**सिंगरौली।** सरई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम इटवां में गुरूवार की देर शाम सरई से भरसेड़ा जा रहे युवक के साथ पुरानी रंजिश को लेकर साढ़ू सहित अन्य लोगो ने बंधक बनाकर हाथ मुक्का व राड से बेदम पिटाई कर दी। आससपास मौजूद लोगो ने किसी तरह से चंगुल से छुड़ाकर गंभीर हालत में स्वास्थ्य केन्द्र सरई पहुंचाया और पुलिस को सूचना दी। घायल युवक ने सरई थाने पहुंच एफआईआर दर्ज कराया है। इधर पुलिस फरियादी की शिकायत पर मारपीट करने वाले युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध करते हुए विवेचना में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार फरियादी घायल युवक श्रवण कुमारा जायसवाल पिता गया प्रसाद जायसवाल उम्र 33 वर्ष निवासी सरई ने हमराह अपनी पत्नी निशा जायसवाल एवं भाई पवन जायसवाल के साथ 9 मई को सरई थाने पहुंच रिपोर्ट दर्ज कराया कि मै अपनी बाइक से भरसेड़ा जा रहा था जाकि मौसी सास के लडके भगवान जायसवाल से आटो लिया था जिसका पैसा बाकी था उसी का पैसा पहुंचाने जा रहा था। गुरूवार की शाम लगभग 7 बजे जैसे ही इटवा रोड तालाब के पास पहुंचा तभी हमारे



साढ़ू भाई आनंद जायसवाल पिता अशोक जायसवाल ने मुझे रोकवाया और मैं रुक गया। तभी पीछे से दो पकड़ लिए और मेरे को अशील गांलियां देकर मारपीट करने लगे। मैं फिर वहां से किसी तरह भागने लगा तो मैं फिर गड्ढे मे गिर गया। फिर अशोक जायसवाल पिता तिलकु जायसवाल,गेंदलाल जायसवाल पिता तिलकु जायसवाल,राजेन्द्र जायसवाल पिता मूलचंद्र जायसवाल आये और मारपीट करने लगे। तब तक दीपक पिता अमोले जायसवाल आ गया। और उसके साथ दो लोग और थे। ये सब मिलकर मुझे मारने लगे। मेरे आंख में गमछा बांध दिए और मेरा बाइक व मोबाइल ले लिये। मारपीट से मेरा पैसा कहीं गिर गया फिर मुझे राड से मारे जो मेरे बांए तरफ सिर में लगा। जिससे मेरा सिर फट गया और खून बहने लगा। एवं पीठ में दाएं,बाएं तरफ सहित कई जगह चोंटे आई है। एवं मौके पर मेरे भाई पवन के साथ भी मारपीट किए है। एवं जान से मारने की धमकी दिए है। घटना को सुरेश साकेत एवं सतीष जायसवाल देखे और बीच बचाव किए। फरियादी की रिपोर्ट पर सरई पुलिस ने सात आरोपियों के खिलाफ भादवि की धारा 341, 294, 323, 506 व 34 के तहत मामला पंजीबद्ध करते हुए पुलिस आरोपियों की धर पकड़ में लग गई है। इधर बताया जा रहा है कि घायल युवक की हालत गंभीर देखते हुए सरई स्वास्थ्य केन्द्र में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सको ने जिला अस्पताल सह ट्रामा सेंटर बैढन् के लिए रेफर कर दिया है। जहां घायल युवक का उपचार जारी है।

# शराब के नशे में धुत्त ससुर ने बहू को बेदम पीटा

सिंगरौली

कोतवाली वैढन थानाक्षेत्र के बलियरी निवासी एक ससुर ने अपनी बहू की डंडे से जमकर मारपीट करते हुये घायल कर दिया। घायल महिला का इलाज जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेन्टर बैढन् में चल रहा है। वही घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई गई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बैढन् बलियरी निवासी सीता केवट पति विनोद केवट उम्र 35 वर्ष के साथ उसी के ससुर रूपनारायण केवट मामूली घरेलू बातों को लेकर शराब के नशे में धूत्त होने पर गुरूवार की दोपहर करीब 2 बजे डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। जिसका इलाज चल रहा है। वही पुलिस भी मामले की जांच कर रही है।

# संयुक्त संचालक द्वारा छात्रवृत्ति स्वीकृत वितरण की समीक्षा

## संकुल प्राचायो को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**सिंगरौली।** वर्ष 2023-24 छात्रवृत्ति स्वीकृत/वितरण की समीक्षा जिले के सभी संकुल प्राचायों की उपस्थिति में जनजातीय अनुसंधान एवं विकास संस्थान मध्यप्रदेश भोपाल के संयुक्त संचालक अवनीश चतुर्वेदी के उपस्थित में गुरूवार को किया गया। जिसमे एमपीटी एएएस पोर्टल पर एससी/एसटी के प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक की प्रोफाइल क्रिएट एवं अप्रुवल/स्वीकृत की कार्यवाही 15 मई तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। जिन विद्यार्थियों के जाति प्रमाणपत्र नही बने है उनके फार्म भरवाकर एसडीएम इकार्यालय में जमा करें। जिन विद्यार्थियों के जन्म तिथि में अंतर है उनकी सूची बनाकर संकुल में जमा करें। जिसके आधार पर आधार कार्ड सुधरवाने हेतु संकुलवार शिविर लगाई जा सके। जिन विद्यार्थियों की एनपीसीआई एक्टिव नही है उनकी एनपीसीआई बैंक में संपर्क कर ऐक्टिव करायें। जिन विद्यार्थियों की प्रोफाइल क्रिएट



हो गई है उनकी अप्रुवड एवं स्वीकृत की कार्यवाही 3 दिवस के अंदर पूर्ण करें। साथ ही सहायक संचालक शिक्षा सुश्री कविता त्रिपाठी ने संकुल प्राचार्यो को निर्देश दिया कि 1 जून से प्रारंभ हो रही स्कूलों में शिक्षकों की शत प्रतिशत उपस्थिति सभी संकुल प्राचार्य करेंगे। लंबे समय से अनुपस्थित एवं निलंबित शिक्षकों की जानकारी भेजें । अतिशेष शिक्षकों के युक्ति युक्तिकरण की कार्यवाही की जानी है अत- एमपी एजुकेशन पोर्टल पर शिक्षकों का डाटा 15 मई तक अपडेट करें। नि-शुल्क पाठ्यपुस्तकें विकास खण्ड से प्राप्त कर विमर्स पोर्टल पर दर्ज करें । उक्त बैठक में प्रमुख रूप से प्राचार्य शास महाविद्यालय बैढन्, संजय खेडकर सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, सहायक संचालक सुश्री कविता त्रिपाठी, राजधर साकेत सहायक संचालक

सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग, हरिश्चन्द्र सिंह एपीसीए आरडी साकेत बीईओ बैढन्,अशोक शुक्ला योजना अधिकारी, सर्वेश द्विवेदी, सहायक सांख्यकी अधिकारी,राम लखन सिंह जिला नोडल छात्रवृत्ति, राजेन्द्र धर द्विवेदी, सहायक कॉर्डिनेटर आईटी सेल उपस्थित रहे।

# पहला सुख निरोगी काया : डॉ. सुशील

**सिंगरौली।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के उप क्षेत्रीय मुख्यालय तपोवन कंपलेक्स, नवजीवन विहार विंध्य नगर में आयोजित संस्कार सृजन समर कैंप के तीसरे दिन आज डॉक्टर सुशील चंदेल ने बच्चों को हेल्थ टिप्स दी। उन्होंने बच्चों को बताया की सुखी जीवन उसी का है जो संपूर्ण रीति स्वस्थ है। उन्होंने जीवन के तीन मुख्य अंग बताएं प्रथम यह शरीर, द्वितीय जो शरीर को चलाने वाली शक्ति है आत्मा और तृतीय जो आहार हम ग्रहण करते हैं। उन्होंने आगे कहा की हमें स्वस्थ जीवन प्राप्त करने के लिए प्रतिदिन शारीरिक व्यायाम करना चाहिए , पैदल चलना चाहिए, खूब पानी पीना चाहिए और



बैलेंस डाइट लेनी चाहिए। बैलेंस डाइट के बारे में चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जितना हमारा भोजन प्राकृतिक रंगों से भरपूर होगा अर्थात विभिन्न प्रकार की सब्जियां अगर हम खाएंगे तो हमारी बैलेंस डाइट होगी और उससे हमारी बॉडी को फाइबर्स मिलेंगे जो हमारी पाचन क्रिया को शक्तिशाली बनाएंगे और जितना भोजन हमारा सही ढंग से पचेगा। उतना अच्छा खून निर्मित होगा , उतनी अच्छी मांसपेशियां बनेगी और हमारा शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। इससे उत्तराखंड से पधारे लाफ्टर क्लब के प्रशिक्षकों ने बच्चों को लाफटर थेरेपी के बारे में बताया। उन्होंने बच्चों को प्रैक्टिस भी कराई कैसे उन्हें हंसना है और हंसने से हम कैसे स्वस्थ रह सकते हैं। ग्वालियर से पधारी ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने सभी बच्चों को नमस्ते करना सिखाया तथा नमस्ते शब्द के अक्षरों को का विश्लेषण करते हुए बताया न से नम्रता म से मधुरता स से सम्मान त से तंदुरुस्ती।

# लमसरई प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिकित्सक विहिन

## एएनएम व नर्स के भरोसे चल रहा अस्पताल

**सिंगरौली।** जिले के विकासखंड चितरंगी अंतर्गत लमसरई का प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिकित्सकविहिन है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लमसरई एएनएम व नर्स के भरोसे चल रहा है। चिकित्सको के अभाव में लोगो को उपचार के लिए गंभीर समस्या बनी हुई है। अगर किसी का स्वास्थ्य खराब हुआ तो उसे लमसरई से 40 किमी दूर जाना पड़ता है। तब उस मरीज को बेहतरीन स्वास्थ्य मुहैया हो पाता है। ग्रामीणो ने जिला प्रशासन व स्थानीय विधायक व मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए चिकित्सको की पदस्थपना किए




जाने की मांग की है।

बताते चले कि चितरंगी विकासखंड के सीमावर्ती क्षेत्र लमसरई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एएनएम व नर्स के अलावा एक भी चिकित्सक नहीं है। चिकित्सकों के अभाव में क्षेत्र के लोगों का स्वास्थ्य खराब होने पर बड़ी से बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। स्वास्थ्य सुविधा ना हो पाने के कारण लोग उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में जाते है तथा लमसरई से 40 किलोमीटर दूर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चितरंगी में भी जाना पड़ता है। लमसरई में चिकित्सक न होने के कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं जिला चिकित्सालय दूर होने के कारण गंभीर अवस्था में मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। ग्रामीणों ने शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षण कराया है ताकि मध्यप्रदेश के अंतिम छोर में बसे प्राथमिक स्वास्थ्य लमसरई में चिकित्सक मिल सके। फिलहाल लमसराई स्वास्थ्य केंद्र एक औपचारिकता मात्र बन कर रहा गया है। अब देखना यह होगा कि ग्रामीणों की आवाज पर शासन प्रशासन के कान में जू रेंगती है या यूं ही अंधेरा कायम रहता है। गौरतलब हो की जब-जब चुनाव आता है तब-तब हर पार्टियों के स्टार प्रचारको एवं प्रत्याशियों द्वारा लंबी-लंबी घोषणाएं की जाती है, आश्वासन दिया जाता है लेकिन चुनाव के बाद ग्राउंड जीरो पर देखा जाए तो आश्वासन व घोषणाएं कोरी नजर नजर आती है।

# कुएं में गिरने से मासूम बच्ची की मौत

**सिंगरौली।** लंघाडोल थाना क्षेत्र के ग्राम डोंगरी में खेलते समय गुरूवार की शाम 4.30 बजे घर के समीप खेलते समय एक 5 साल की बच्ची कुएं में गिरने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार देवी सिंह खैरवार की पाँच वर्षीय बेटी किसमती खैरवार खेलते वक्त घर के समीपी कुएं में गिर गई। जहां कुएं के गहरे पानी में डूबने से बालिका की मौत हो गई । वही घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके से पुलिस पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर विवेचना कर रही है।

# अवैध रुप से डंप रेत पर राजस्व व पुलिस की संयुक्त कार्यवाही, 32 घन मीटर रेत जब्त

सिंगरौली

राजस्व अमला व पुलिस ने शुक्रवार को संयुक्त रुप से कार्यवाही करते हुए ग्राम कटई भौरा तालाब व उप स्वास्थ्य केन्द्र कटई एवं नरकी टोला कटई से 32 घन मीटर रत जब्त करते हुए कार्यवाही किया है। जानकारी के अनुसार कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला व पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता एवं एसडीएम अखिलेश सिंह, एसडीओपी देवसर राहुल कुमार सैयाम के मार्गदर्शन में राजस्व व चौकी निगरी व निवास पुलिस बल द्वारा अवैध रेत परिवहन एवं डंप पर संयुक्त रुप से कार्यवाही करते हुए ग्राम कटई भौरा तालाब के पास से 10/8/2 मीटर एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र कटई से 10/4/2 मीटर एवं शासकीय प्राथमिक पाठशाला नरकी टोला कटई से 4 ट्रैक्टर ट्राली भंडारण को जब्त किया गया। अवैध रूप से उत्खनित रेत की पैमाइश कर उत्खनित मात्रा का खनिज नियमों के तहत प्रकरण तैयार कर दण्डात्मक कार्यवाही के लिए कलेक्टर की ओर भेजा जाएगा। उक्त कार्यवाही में राजस्व विभाग से नायब तहसीलदार डीके सिंह,राजस्व निरीक्षक मनफेर रावत व पटवारी महिपाल सिंह एवं प ुलिस से निवास चौकी प्रभारी अरुण सिंह,निगरी चौकी प्रभारी प्रियंका सिंह एवं निवास व निगरी के अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

# बाइक एवं स्कॉर्पियो की भिड़ंत में एक की मौत

## जिला चिकित्सालय बैढन् में उपचार के दौरान अधेड़ व्यक्ति ने तोड़ा दम, दो घायलो का इलाज जारी

**सिंगरौली।** मोरवा थानाक्षेत्र के काटा मोड़ पर स्कार्पियो वाहन के चालक ने मोटरसाइकिल चालक को पीछे से टक्कर मारते हुये बेकाबू स्कार्पियो वाहन पलट गया। जिसमें मोटरसाइकिल में सवार दो लोग घायल हो गये। घायलों में एक 40 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति जिला चिकित्सालय बैढन् में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। जबकि दोनो वाहनों के दो लोग घायल हैं। जानकारी के मुताबिक गुरूवार की रात करीब 8 बजे मोरवा थाना के काटा मोड़ पर बेकाबू स्कार्पियों वाहन क्रमांक एमपी 66 जेडसी 8557 के चालक ने मोटरसाइकिल वाहन क्रमांक एमपी 66 एमजे 2808 में



सवार राजेन्द्र प्रसाद कोल उम्र 40 वर्ष निवासी सुदा थाना चितरंगी को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। इस दौरान स्कार्पियों वाहन भी पलट गई। मोटरसाइकिल में सवार राजेन्द्र सहित अन्य सवारी तथा स्कार्पियो वाहन के चालक को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेन्टर बैढन् में भर्ती कराया गया। जहां राजेन्द्र नामक व्यक्ति की मौत हो गई। वही दोनो घायलों को जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों ने रेफर कर दिया है।

# आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक अधेड़ व्यक्ति की मौत

सिंगरौली

बगदरा पुलिस क्षेत्र के कोल्डिहा में बीती रात अचानक मौसम ने करवट बदला और तेज चमक गरज के साथ कोल्डिहा गांव में आकाशीय बिजली के गिरने से एक अधेड़ व्यक्ति एवं उसकी बकरी की मौत हो गई। वही महिला पार्वती सिंह गोड़ उम्र 42 गंभीर रूप से घायल हो गई थी। जिसका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चितरंगी में हुआ। घटना उस वक्त हुआ जब बीती रात 12 बजे जगजीवन सिंह अपने पत्नी के साथ बकरियों को घर के अन्दर रस्सी से बांधने ले जा रहा था। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम बगदरा पुलिस चौकी क्षेत्र के बहेरी ग्राम पंचायत अंतर्गत कोल्डिहा गांव में बुधवार की रात करीब 12 बजे तेज चमक गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरी और उसके चपेट में आने से जगजीवन सिंह उम्र 45 वर्ष एवं उसकी बकरी की मौत हो गई। वही जगजीवन की पत्नी पार्वती सिंह गोड़ गंभीर रूप से घायल हो गई। आसपास के लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को देते हुये घायल पार्वती सिंह गोड़ को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चितरंगी ले जाया गया।


# सीधी का ठेकेदार सरई क्षेत्र में कर रहा था रेत का अवैध उत्खनन

## सरई तहसीलदार चंद्रशेखर मिश्रा समेत राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम ने की कार्यवाही



**सिंगरौली।** सरई तहसील क्षेत्र के हरदी में स्वीकृत रेत खदान में सीधी जिले के रेत ठेकेदार उत्खनन करते पाया गया है। जहां तहसीलदार सरई एवं खनिज विभाग तथा पुलिस की संयुक्त टीम ने छापामार कार्रवाई कर पोकलेन मशीन को जप्त कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के निर्देशन में तहसीलदार सरई चन्द्रशेखर मिश्रा ने गुरूवार को राजस्व, पुलिस और माईनिंग टीम के साथ जिले के सरई तहसील अन्तर्गत कई स्थानों पर छापामार कार्यवाही किया। वही इसी दौरान जिले में ग्राम हरदी में स्वीकृत रेत खदान का निरीक्षण किया। जहाँ पर सीधी जिले के रेत ठेकेदार द्वारा सीधी जिले की सीमा को छोडकर ग्राम हरदी में गोपद नदी पर सिंगरौली जिले में रेत का अवैध उत्खनन पोकलेन मशीन के माध्यम से किया जा रहा था। जिस पर राजस्व टीम द्वारा तत्काल उसे जप्त किया और मशीन को चौकी निवास में सुरक्षार्थ सुपुर्द में दिया गया। साथ ही अनुज्ञा से अधिक क्षेत्र में रेत उत्खनन पर राजस्व एवं माईनिंग टीम द्वारा नाप कराई गई है। जिस पर सिंगरौली जिले के क्षेत्र में अवैध उत्खनन पाया गया। स्थल पंचनामा फोटोग्राफी मौके पर कराई गई है। अवैध उत्खनन का प्रकरण तैयार किया गया है। आगे बताया गया कि सिंगरौली जिले के ग्राम भरसेड़ी,हरदी के गोपद नदी क्षेत्र में सीधी के गुरुवार खदान के ठेकेदार के द्वारा अवैध उत्खनन कराया गया है। नदी के भीतर ही ट्रक एवं वाहन परिवहन पर अवैध रैम्प, रोड बना ली गई थी। जो जिले के क्षेत्र में थी। जिसे कलेक्टर के आदेश पर तत्काल मौके से नष्ट कराया गया।

# सरई में निकाली गई भव्य कलश यात्रा



**सिंगरौली।** श्री हनुमान मारुति यज्ञ व श्री राम कथा भागवत का आयोजन राधा कृष्ण मंदिर बनियान तालाब सरई हो रहा है। जिसको लेकर सरई में भव्य तरीके से कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा एवं भागवत कथा की बैठकी गुरुवार व श्री राम कथा भागवत 10 मई से लेकर 18 मई तक समय दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक होगा। वही महायज्ञ समय सुबह 7 से 11 बजे तक होगा। अपील किया गया है कि आप सपरिवार पधार कर संगीत में राम कथा भागवत कथा में अपना अमूल्य समय तन मन से कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# राष्ट्रीय राजमार्ग 135 सी के लिए सर्वेक्षण जारी, लोगों को दी जा रही समझाइस

**सिंगरौली।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले तक प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्ग 135 सी में देखते ही देखते हजारों मकान पलक झपकते ही चंद समय में बन कर तैयार हो गए लेकिन सोचने वाली बात तो यह है कि यदि जिला कलेक्टर सिंगरौली एवं उपखंड अधिकारी चितरंगी द्वारा उक्त मामले को संज्ञान में ना लिया गया होता तो न जाने कितने घर और बनते ऐसे में शासन को अतिरिक्त अधिभार ग्रहण करते हुए मुआवजा राशि देना पड़ता।

गौरतलब हो कि पूर्व में भी लोगों ने मुआवजे के लिए सीधी से सिंगरौली मार्ग हो चाहे, रेलवे मार्ग हो,चाहे कोल माइंस हो जमकर के मुआवजा प्राप्त किया है। ऐसे नजीर के बाद हर कोई लाभ अर्जित करने के लिए आतुर एवं



कार्यरत है। लेकिन महंगाई को लेकर सरकारों को आसानी कोसा जाता है कि महंगाई बढ़ा दी गई है। वही इस बढ़ती महंगाई में इतने बड़े-बड़े घरों का जल्दी से निर्माण हो जाना बहुत बड़ा सवाल खडा करता है। आखिर क्या होगा उन मकानों का जो रेत के टीले की तरह ढहा दिए जाएंगे। इससे भूमि स्वामियों को पट्टेदारों को एवं निर्माण कर्ताओं को लाभ तो मिल जाएगा। ऐसे में भू अर्जन अधिकारी मामले को संज्ञान में लेते हुए अति शीघ्र निर्माण कार्यों पर अंकुश लगाने के लिए अधिसूचना जारी किया इसके बाद संयुक्त टीम के साथ में निर्माण कार्यों का सर्वेक्षण करते हुए उचित समझाइस भी दी जा रही है। अगर इतने के बावजूद भी निर्माण कार्य जारी रहता है और लोग मुआवजे की अपेक्षा करते हैं यह जाहिर सी बात है की आदेश और अधिसूचना की अवहेलना के साथ-साथ अनुचित लाभ प्राप्त करने का उद्देश्य भी माना जा रहा है। वही विकासखंड चितरंगी अंतर्गत प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्ग 135 सी के लिए चिह्नित आराजियों के लिए जारी सर्वेक्षण ग्राम खम्हरिया,करौंदिया,बिछी नदमनिया मे राजमार्ग से प्रभावित आराजीयों के भूमि स्वामियों को उपखंड अधिकारी चितरंगी सुरेश जादव एवं नायब तहसीलदार मौहरिया आर के बंसल द्वारा निरीक्षण उपरांत समझाइश दी गई कि 3ए के प्रकाशन उपरांत कोई नए निर्माण न करें। नए निर्माण पर कोई मुआवजा प्रदाय नही किया जायेगा। ऐसे में अब देखना यह होगा कि निर्माण कार्य के संबंध में जारी किए गए आदेश अधिसूचना का पालन किस हद तक लोगों के द्वारा किया जाता है।

# विशेष कैम्प लगाकर ड्राप आउट बच्चों की पहचान सुनिश्चित करने के निर्देश

## खंडवार शिविर का आयोजन कर यू-डायस पोर्टल पर जानकारी की जाएगी अद्यतन

**सीधी।** जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र राजेश तिवारी ने जानकारी देकर बताया कि सीधी जिले में सत्र 2023-24 में यू-डायस पोर्टल में 1111 स्कूलों में 19299 बच्चे ड्राप बाक्स, ड्राप आउट व पलायन की स्थिति में हैं। विकासखण्ड स्तर पर सभी विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक द्वारा जन शिक्षा केन्द्र स्तर पर कैम्प लगाकर ड्राप बाक्स शून्य करने की दिशा में अच्छा प्रयास किया फिर भी इस दिशा में अभी भी बहुत प्रयास करने की आवश्यकता है। अत: कलेक्टर स्वारोचिष सोमवंशी द्वारा अंतिम अवसर देते हुए निर्देशित किया गया है कि इस हेतु जिले के समस्त विद्यालयों (शासकीय व अशासकीय) का कैम्प खंड स्तर पर 13 मई से 15 मई 2024 तक आयोजित किये जाएं।

उक्त आयोजित विशेष कैम्प में समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के समस्त प्राचार्य तथा प्रधानाध्यापक अपने सहयोगी आपरेटर एवं शिक्षक के साथ सत्र 2023-24 की सभी कक्षाओं की छात्र उपस्थिति रजिस्टर के यू-डायस में फीड किये गये छात्रों की सूची सहित उपस्थित होंगे। कैम्प में ही सभी छात्रों का यू-डायस पोर्टल में प्रविष्टि करायेंगे। जिस छात्र की यू-डायस पोर्टल में इन्ट्री नहीं है उसे ड्राप बाक्स से इम्पोर्ट कर शाला में मैप करायेंगे। यदि छात्र विद्यालय में अध्ययन रत नहीं है और न ही अध्ययन करना चाहता है तो संबंधित अभिभावक माता-पिता से इस आशय का शपथ या अभिलेख प्राप्त कर निर्धारित प्रक्रिया अनुसार पोर्टल में स्पष्ट कारण दर्ज करेंगे। इस सम्पूर्ण प्रक्रिया के पश्चात संबंधित की आर.सी.सी. को सभी संस्था प्रमुख द्वारा कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र अपने हस्ताक्षर सहित उपलब्ध करायेंगे। प्रत्येक कैम्प के प्रभारी अधिकारी संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी होंगे तथा नोडल अधिकारी संबंधित विकासखण्ड के प्रभारी सहायक परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र सीधी होंगे। कैम्प में आवश्यक बैठक एवं पेयजल की व्यवस्था का कार्य संबंधित कैम्प स्थल के प्राचार्य द्वारा किया जायेगा। उक्त कैम्प में समस्त प्राचार्य एवं प्रधानाध्यापकों को उपस्थित होना अनिवार्य होगा। कैम्प में अनुपस्थिति तथा उक्त तिथि के पश्चात यदि किसी भी संस्था में छात्रों की प्रविष्ट अथवा ड्राप बाक्स में बच्चे दर्शित होना पाया जाएगा तो उसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित संस्था प्रमुख जे विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

उन्होने बताया कि विकासखण्ड कुसमी अंतर्गत आयोजित कैम्प दिनांक 13.05.2024 को सी.एम. राइज कुसमी में सम्मिलित जन शिक्षा केन्द्र कुसमी, जूरी, टंसार, एवं भदौरा, 14.05.2024 को सी.एम. राइज कुसमी सम्मिलित जनशिक्षा केन्द्र मझिगवां, सोनगढ़ एवं भुइमाड़ एवं 15.05.2024 को हायर सेकण्ड्री स्कूल पोड़ी में सम्मिलित जनशिक्षा केन्द्र पोड़ी, लुरघुटी एवं चिनगवाह में सुबह 11 बजे से सायं 5 बजे तक कैम्प आयोजित किया गया है। इसी प्रकार विकासखण्ड मझौली अंतर्गत दिनांक 13.05.2024 को शास. उत्कृष्ट उच्च.माध्य.विद्यालय मझौली सम्मिलित जनशिक्षा केन्द्र ताला, गंजरी, चमराडोल एवं मझौली, 14.05.2024 को शास. उत्कृष्ट उच्च.माध्य.विद्यालय मझौली सम्मिलित जनशिक्षा केन्द्र गिजवार, पथरौला एवं खड़ौरा तथा दिनांक 15.05.2024 को शा. हायर सेकण्ड्री स्कूल टिकरी सम्मिलित जनशिक्षा केन्द्र मड़वास, टिकरी एवं डांगा में सुबह 11 बजे से सायं 5 बजे तक कैम्प आयोजित किया गया है। विकासखण्ड रामपुर नैकिन अंतर्गत दिनांक 13.05.2024 को शास. उत्कृष्ट उच्च.माध्य.विद्यालय रामपुर नैकिन सम्मिलित जनशिक्षा केन्द्र रामपुर नैकिन, कंघवार, मउ, बघवार एवं पोस्ता, 14.05.2024 को शास. उत्कृष्ट उच्च.माध्य.विद्यालय रामपुर नैकिन सम्मिलित जनशिक्षा केन्द्र बाघड़, भरतपुर, चकड़ौर, खड्डी एवं बड़खरा तथा 15.05.2024 को शा. उच्चमाध्य. विद्यालय बालक चुरहट सम्मिलित जनशिक्षा केन्द्र बेल्दह, हनुमानगढ़, डढ़िया, कुआं एवं चुरहट में सुबह 11 बजे से सायं 5 बजे तक कैम्प आयोजित किया गया है। विकासखण्ड सीधी अंतर्गत दिनांक 13.05.2024 को शा. उच्च. माध्य. विद्यालय क्रमांक 2 सीधी में सम्मिलित जनशिक्षा केन्द्र धुम्मा, सेमरिया, उपनी एवं खिरखोरी, 14.05.2024 को शा. उच्च. माध्य. विद्यालय क्रमांक 2 सीधी में सम्मिलित जनशिक्षा केन्द्र चौफ, हड़बड़ो, करवाही एवं बरम्बाबा, तथा 15.05.2024 को शा. उच्च. माध्य. विद्यालय क्रमांक 2 सीधी में सम्मिलित जनशिक्षा केन्द्र सीधी खुर्द, क्रमांक 2, अमरवाह, कमर्जी एवं नेबूहा तथा विकासखण्ड सिहावल अंतर्गत दिनांक 13.05.2024 को शास. जनपद पंचायत सभागार सिहावल में सम्मिलित जनशिक्षा केन्द्र बघोर, सिहावल, हिनौती, सुपेला एवं सोनवर्षा, 14.05.2024 को शास. उच्च.माध्य. विद्यालय बहरी में सम्मिलित जनशिक्षा केन्द्र बहरी, कन्या पतुलखी, बालक पतुलखी, तरका एवं खुटेली तथा 15.05.2024 को शास. उच्च.माध्य. विद्यालय अमिलिया में सम्मिलित जनशिक्षा केन्द्र अमिलिया, अमरपुर, सपही, पोखरा एवं हटवा खास में सुबह 11 बजे से सायं 5 बजे तक कैम्प आयोजित किया गया है।

# मारपीट के आरोपियों को 06-06 माह का कारावास

**सीधी।** बताया गया कि दिनांक 02.12.2011 को सुबह लगभग 09:00 बजे बाबादीन की औरत व रामपति की औरत के बीच कोलिया खेत को लेकर वाद विवाद हो रहा था। हरपाल यादव जब हैण्डपंप पर पानी भरने गया, उसी समय अभियुक्त रामपति, हिंछपति, राजकुमार व शिवप्रसाद लाठी लेकर आये और उसे लाठी से मारने लगे तब वह गिर गया, उसी समय रामगोपाल यादव दौड़ कर आया, तो चारों अभियुक्तरगण रामगोपाल को भी लाठी से मारने लगे। बीच बचाव करते हुए उसके भाई नागेश यादव ने उठाकर उसे घर ले गया। उक्त चारों लोग अश्लीकल गांलियां देते हुए कह रहे थे कि आज जान से खत्म कर देंगे। मारपीट करने से हरपाल एवं रामगोपाल यादव को चोट आई थी। उक्त रिपोर्ट पर से पुलिस थाना कोतवाली, जिला सीधी के अपराध क्रमांक 851/2011 अपराध अंतर्गत धारा-294, 323, 324, 506, 34 भा.द.सं. में पंजीबद्ध किया गया एवं विवेचना के पश्चांत् अभियोग पत्र तैयार कर माननीय न्याईयालय सीधी के समक्ष प्रस्तुकत किया गया, जहां आपराधिक प्रकरण क्र. 702013/2011 में शासन की ओर से शसक्तक पैरवी करते हुए सहायक जिला अभियोजन अधिकारी कु. सीनू वर्मा द्वारा अभियुक्त गण को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया। परिणामस्वरूप माननीय न्यारयिक मजिस्ट्रे ट प्रथम श्रेणी सीधी द्वारा अभियुक्तहगण 1. रामपति यादव तनय शिवप्रसाद उर्फ श्री प्रसाद उर्फ प्रसाद यादव, उम्र-50 वर्ष, 2. राजकुमार यादव तनय रामपति यादव, उम्र-22 वर्ष, 3. हिंछपति यादव तनय शिव प्रसाद यादव, उम्र-40 वर्ष, 4. शिव प्रसाद उर्फ श्री प्रसाद तनय तेजा यादव, उम्र-70 वर्ष, (मृतक) 5. देवराज यादव तनय शिवप्रसाद यादव, उम्र-35 वर्ष, सभी निवासी ग्राम उपनी, थाना कोतवाली सीधी, जिला सीधी (म.प्र.) को धारा 323 / 34 भादवि एवं 325/34 भादवि के अपराध में प्रत्येरक को 6-6 माह का साधारण कारावास एवं 1,500/- 1,500/- अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# अवैध गांजा विक्रय के मामले मे दो आरोपियों को सजा

**सीधी।** बताया गया कि दिनांक 16.03.2018 को थाना बहरी में पदस्थ उप निरीक्षक विशाल शर्मा हमराह प्रधान आरक्षक विनोद त्रिपाठी, आर. संतकुमार सिंह, आरक्षक लल्लू विश्वमकर्मा के कस्बा बहरी एवं चंदवाही की भ्रमण पर थे, दौरान भ्रमण तरका रोड चंदवाही में थे, तभी मुखबिर द्वारा यह सूचना प्राप्त हुई कि प्रभू यादव नाम का व्यक्ति जो गुलाबी कलर का टी शर्ट पहना हुआ है तथा बायें हाथ में प्लास्टर बंधा है, हाथ गले में डोरी फसाकर लटकाया हुआ है तथा दायें हाथ में एक नीला हरा रंग की प्लास्टिक के झोले में अवैध रूप से गांजा रखे हुए है, बिक्री करने के लिये तरका तरफ जा रहा है। रेड कार्यवाही की तैयारी कर आरोपी प्रभु यादव पिता शिवधारी यादव उम्र-35 वर्ष साकिन धवई टोला सेमारी, तहसील थाना चितरंगी जिला सिंगरौली को पकडा गया ,जिसके पास से प्लास्टिक की पन्नी में 01 किलोग्राम गांजा सूखा कली एवं दानेदार मादक पदार्थ भरा अवैध पैकेट मौजूद पाया गया, आरोपी प्रभू यादव से पूछतांछ करने पर उसने अपने बताया कि दिनांक 16.03.2018 को ग्राम बिरती , थाना जियावन अन्तर्गत बिट्टू पटेल से करीब 3 किलोग्राम 4500/- रूपये प्रति किलोग्राम की दर से कुल 13,500/- रूपये में खरीदा था, जिसमें से मात्र 1 किलोग्राम गांजा उसी दिन लेकर बेचने के लिये ग्राम तरका तरफ चंदवाही होकर जा रहा था। शेष गांजा 2 किलो ग्राम बिट्टू पटेल के घर पर बिट्टू पटेल को छिपाकर रखने के लिए कहा था। अभियुक्त प्रभू यादव के द्वारा दी गई सूचना के अनुसार संदेही बिट्टू पटेल के घर पहुचकर कार्यवाही करते हुए बिट्टू पटेल के कब्जे से 2 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। प्रकरण में संपूर्ण विवेचना कार्यवाही पश्चावत् अपराध क्र. 96/2018 में अभियुक्तगण के विरूद्ध अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां आपराधिक विशेष सत्र प्रकरण क्र. 5/2018 में शासन की ओर से पैरवी करते हुए अरूण कुमार मिश्र, विशेष लोक अभियोजक सीधी द्वारा अभियुक्त्गण को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया। परिणामस्व रूप माननीय विशेष न्या्याधीश, एनडीपीएस एक्टव, सीधी की न्या्यालय के द्वारा अभियुक्त प्रभू यादव तनय शिवधारी यादव उम्र-38 वर्ष, निवासी ग्राम धवई, थाना चितरंगी, जिला-सिंगरौली, (म.प्र.) को धारा 8 सहपठित धारा 20 (बी)(आईआई)(बी) एनडी पीएस एक्टा के आरोप में 15 दिवस के सश्रम कारावास तथा 20,000/-रूपए के अर्थदंड और अर्थदंड के व्यतिक्रम में 03 माह के अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा एवं अभियुक्त बिट्टू पटेल को धारा 8 सहपठित धारा 20(बी)(आईआई)(बी) के आरोप में 01 माह के सश्रम कारावास तथा 30,000/-रूपए के अर्थदंड और अर्थदंड के व्यतिक्रम में 06 माह के अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा से दण्डित किया गया।

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन 11 मई को

## 22 खंडपीठों द्वारा होगा प्रकरणों का निराकरण

**सीधी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2024 की दूसरी लोक अदालत का आयोजन दिनांक 11 मई 2024 को जिला मुख्यालय सीधी तथा तहसील चुरहट, मझौली एवं रामपुर नैकिन में किया जायेगा। जिला मुख्यालय सीधी में प्रात: 10:30 बजे स्थानीय ए.डी.आर. भवन जिला न्यायालय परिसर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष श्री संजीव कुमार पाण्डेय द्वारा नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया जायेगा।

नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण हेतु 22 न्यायिक खंडपीठों का गठन किया गया है। जिला न्यायालय सीधी में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री संजीव कुमार पाण्डेय, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री सुधीर सिंह चौहान, प्रथम जिला न्यायाधीश श्री मुकेश कुमार, द्वितीय जिला न्यायाधीश श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव, तृतीय जिला न्यायाधीश श्री विकास चौहान, चतुर्थ जिला न्यायाधीश श्री गौतम कुमार गुजरे, प्रथम जिला न्यायाधीश सीधी के न्यायालय के तृतीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश सुश्री उर्मिला यादव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री लक्ष्मण डोडबे, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री सोनू जैन, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती शोभना मीणा, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती रेनू श्रीवास्तव, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती सोनम शर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री अभिषेक साहू, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री अनिरूद्ध कुमार उचाड़िया, न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं श्रम न्यायालय के प्रकरणों का निराकरण हेतु श्रम न्यायाधीश श्री सुशील गहलोत की न्यायिक खंडपीठ का गठन किया गया है। सिविल न्यायालय चुरहट में न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री नृपेन्द्र सिंह परिहार, न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री वैशाली बड़ेरिया, न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री विजया विश्वकर्मा एवं सिविल न्यायालय मझौली में न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री दीपक कुमार अग्रवाल, न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री रूची परते तथा सिविल न्यायालय रामपुर नैकिन में न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री परमानंद सनोडिया, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री वैभव पटेल की खंडपीठों का गठन किया गया है। जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री वीरेन्द्र जोशी ने नेशनल लोक अदालत के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि न्यायालय में लंबित सिविल, आपराधिक, मोटर दुर्घटना दावा, चेक बाउंस, श्रम विवाद, पारिवारिक विवाद, विद्युत, भूमि अधिग्रहण एवं अन्य मामलों के साथ साथ जलकर व बिजली के बिल संबंधी प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण कराया जायेगा।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री पाण्डेय ने आमजन से जिनके राजीनामा योग्य प्रकरण न्यायालय में लंबित हो अथवा बैंक वसूली, जलकर व बिजली के बिल संबंधी प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण दिनांक 11 मई 2024 को आयोजित नेशनल लोक अदालत में कराने की अपील की है।

# किसानों के यहां आयोजित ग्रीष्मकालीन मूंग प्रदर्शन का अवलोकन एवं गहरी जुताई करने हेतु प्रेरित किया गया



**सीधी।** उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने बताया कि सीधी जिले के किसानों के यहां वर्ष 2024 में ग्रीष्मकालीन मूंग प्रदर्शन आयोजित किये गये है। श्री धर्मेन्द्र कुमार सिंह ग्राम पड़रा एवं श्री देवेन्द्र सिंह ग्राम बघवारी विकासखण्ड सीधी आयोजित प्रदर्शनों का विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा गुरुवार दिनांक 09.05.2024 को प्रदर्शनों का अवलोकन किया गया। इस दौरान किसानों को कीट ब्याधि एवं खरपतवार से निदान हेतु सलाह दी गई। इसके साथ ही किसानों को उत्पादन में स्थिरता की दृष्टि से 2 से 3 वर्ष में एक बार खेत की गहरी जुताई करने के लिए कहा गया। गहरी जुताई से मृदा में सूर्य की रोशनी के सम्पर्क में आने से फसल में हानिकारक कीट-पतंगें, फफूंद व रोग लगने की संभावना कम हो जाएगी।

# निरंकारी आध्यात्मिक सत्संग 12 को

**सीधी।** संत निरंकारी मिशन सत्य शांति एवं प्यार के संदेश को विश्व के कोने-कोने में पहुंचा कर समाज को विभाजक शक्तियों से बचाना चाहता है। आज विश्व घृणा हिंसा द्वेष तथा ईर्ष्या के काले बादलों से आच्छादित है, निरंकारी मिशन का मत है कि यदि प्रत्येक व्यक्ति को दिव्य प्रकाश प्रदान कर दिया जाए तो यह बादल छ्ट जाएंगे। ईश्वर की अनुभूति न केवल मानव मात्र के लिए संभव है बल्कि उससे मानव मात्र में आध्यात्मिक गुणों का समावेश होता है इसी पवित्र भावना का संदेश देने के लिए सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के परम स्नेही ब्रह्मवेता महात्मा आदरणीय महात्मा डॉ दर्शन सिंह (मुंबई) हमारे नगर सीधी में पधार रहे हैं इनकी शुभ उपस्थिति में एक विशाल आध्यात्मिक सत्संग कार्यक्रम का आयोजन संत निरंकारी सत्संग भवन नूतन कॉलोनी सीधी में किया गया है अत: आप सभी इस शुभ अवसर पर अपने इष्ट मित्रों एवं परिवार सहित पधार कर सत्संग का भरपूर लाभ प्राप्त करें। सत्संग कार्यक्रम संत निरंकारी सत्संग भवन नूतन कॉलोनी सीधी में रविवार दिनांक 12 मई को संपन्न होगा जिसका समय सुबह 10:00 बजे से 12:30 बजे तक है।

# उत्कृष्ट विद्यालय की 11वीं कक्षा में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 31 मई तक

**सीधी।** सत्र 2024-25 हेतु नवीन प्रवेशार्थी छात्र-छात्राओं को कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र 1 मई से मिलना प्रारंभ हो चुके हैं। आवेदन पत्र मिलने की अंतिम तिथि 31 मई निर्धारित की गई है। ऐसे छात्र-छात्रायैं जिन्होंने वर्ष 2023 -24 में कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा न्यूनतम 60% से अधिक अंकों के साथ उत्तीर्ण की है, वे प्रवेश हेतु आवेदन- पत्र 11:00 से 4:00 तक विद्यालय जाकर प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें दसवीं कक्षा की ऑनलाइन अंक सूची साथ लाना होगी। उक्त आशय के संबंध में और अधिक जानकारी देते हुए उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य एस एन त्रिपाठी ने बताया कि अलग-अलग संकायों में प्रवेश हेतु प्रत्येक विद्यार्थी को पृथक-पृथक फॉर्म भरना अनिवार्य होगा। एक संकाय में आवेदन पत्र कर देने से अन्य संकाय हेतु वही आवेदन पत्र मान्य नहीं होगा। इसके अलावा पृथक-पृथक संकाय हेतु पृथक-पृथक मेरिट सूची बनाई जाएगी और प्रवेश इसी मेरिट सूची के आधार पर दिया जाएगा। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र 15 मई से 31 मई तक जमा किया जा सकेंगे। 5 जून से प्रवेश हेतु प्रवीण्य सूची संकाय बार जारी की जाएगी। सूची में वरीयता के आधार पर अहर्ताधारी विद्यार्थी संपूर्ण आवश्यक अभिलेखों के साथ शुल्क जमा कर नियत समय तक प्रवेश ले सकेंगे।

# कमिश्नर ने ग्राम पंचायत पठारी कला का किया निरीक्षण

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद आज जनपद पंचायत करकेली के ग्राम पंचायत पठारी कला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने ग्राम पंचायत पठारी कल के ग्रामीणों से चर्चा की एवं ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। ग्राम पंचायत पठारी कला के ग्रामीणों ने पानी की समस्या के बारे में कमिश्नर शहडोल संभाग को अवगत कराया। इस दौरान कमिश्नर ने मौके पर उपस्थित कार्यपालन यंत्री पीएचई को निर्देश दिए की ग्रामीणों को पानी उपलब्ध कराने हेतु समुचित व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही ग्राम पंचायत पठारी कला में निर्मित कुंआ का चौड़ी कारण करने के भी निर्देश दिए एवं साथ ही कमिश्नर ने कुंआ का भी निरीक्षण किया। चर्चा के दौरान कमिश्नर ने ग्रामीणों से उचित मूल्य की दुकान में उपलब्ध कराए जा रहे खाद्यान्नों के बारे में भी जानकारी ली।

# कमिश्नर ने उमरार बांध में निर्माणाधीन इनटेक वेल का किया निरीक्षण

## निर्माण कार्यों में उच्च गुणवत्ता के सामग्री का करें उपयोग

शहडोल

कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद आज उमरिया जिले के पाली जनपद पंचायत में आकाशकोट समूह जलप्रदाय योजना अंतर्गत उमरार बांध में निर्माणाधीन इंटेकवेल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर उपस्थित महाप्रबंधक जल जीवन मिशन श्री धर्मेंद्र भंडारी ने कमिश्नर को उमरार बांध में निर्माण हो रहे इंटेक वेल के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि इस बांध में निर्माण हो रहे इंटेक वेल के माध्यम से इसके आस पास के 109 गांवों में पानी उपलब्ध कराया जाएगा। कमिश्नर शहडोल संभाग श्री वीएस जामोद ने आकाश कोट समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत निर्माण हो रहे पाइपलाइन के निर्माण सामग्री का भी निरीक्षण किया, एवं निर्देश दिए की हो रहे निर्माण कार्यों में उच्च गुणवत्ता युक्त सामग्री का उपयोग किया जाए। कमिश्नर ने महाप्रबंधक जल जीवन मिशन को निर्देश दिए कि निर्माणाधीन इंटेक वेल का कार्य समय सीमा में एवं उच्च गुणवत्ता के साथ कराया जाए। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए की इस इंटेक वेल के आसपास के ग्रामों में पानी उपलब्ध कराया जाए यह सुनिश्चित करें।

इस दौरान कलेक्टर उमरिया श्री धर्णेन्द्र कुमार जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमरिया श्री अभय सिंह ओहरिया सहित अन्य अधिकारी भी साथ रहे।

# ग्राम अमड़ी में कमिश्नर ने निर्माणाधीन जन मन आवास का किया अवलोकन

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग बी एस जामोद ने करकेली जनपद पंचायत के ग्राम अमड़ी में लंमू पिता संपत बैगा के निर्माणाधीन जन मन आवास का अवलोकन किया। इस दौरान लंमू बैगा ने बताया कि उन्हें जन-मन योजना अंतर्गत पहली किस्त 50 हज़ार रुपये की प्राप्त हो गई है, लम्मू बैगा ने कमिश्नर को बताया कि प्रथम किश्त के अनुसार मकान का निर्माण हो चुका है, दूसरी किश्त आने के बाद पुन: मकान निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। कमिश्नर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को निर्देश दिए कि जन मन अंतर्गत मकान के निर्माण में किसी प्रकार की कोई गतिरोध उत्पन्न न हो यह सुनिश्चित करें। इस अवसर पर कलेक्टर उमरिया श्री धर्णेन्द्र कुमार जैन, सी ई ओ जिला पंचायत श्री अभय सिंह ओहरिया, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शान्ती सिंह की तत्परता से रूवी रावत को कुपोषण से मुक्त कराने हेतु एनआरसी में भर्ती कराया गया

**सीधी।** यह कहानी ऐसी बच्ची की है जिसके परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर एवं उनका व्यवसाय मजदूरी है। जिले के सीधी ब्लॉक के छोटे से गांव नेबूहा पूर्व, पोस्ट गांधीग्राम निवासी बच्ची रूवी रावत, माता सरोज रावत एवं पिता शिवराज रावत का जन्म दिनांक 09.01.2023 को हुआ था। जन्म के समय बालिका बिल्कुल स्वस्थ थी किन्तु जन्म के कुछ माह बाद बालिका का वजन सामान्य से कम हो गया।




आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शान्ती सिंह चौहान द्वारा गृह भेंट के माध्यम से बच्ची की मॉं को पोषण एवं देखभाल के संबंध में परामर्श तो दिया जाता था, किन्तु परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर एवं व्यवसाय मजदूरी होने के कारण उचित देखभाल एवं पर्याप्त पोषण युक्त आहार न मिलने के कारण बच्ची बीमार रहने लगी एवं पोषण स्तर धीरे-धीरे नीचे आने लगा और इसका परिणाम यह हुआ कि माह अप्रैल 2024 में कार्यकर्ता शान्ती सिंह चौहान द्वारा शारीरिक माप लिये जाने पर यह पाया गया कि बच्ची रूबी रावत वजन 6 कि.ग्रा. एवं लम्बाई 72 से.मी. और बच्ची सैम ग्रेड में आ गई है।

कार्यकर्ता द्वारा इसकी जानकारी सेक्टर पर्यवेक्षक एकता सिंह को दी गई। जानकारी मिलने के बाद एकता सिंह द्वारा कार्यकर्ता शान्ती सिंह के साथ स्वयं जाकर रूबी रावत की माता-पिता से बात की और एन.आर.सी. ले जाने के लिये समझाया गया किन्तु घरेलू कार्य की जिम्मेदारी होने के कारण बच्ची के माता-पिता एन.आर.सी. भेजने को तैयार नहीं हुए। बार-बार गृह भेंटकर एन.आर.सी. में भर्ती किये जाने हेतु कहे जाने के कारण बच्ची के पिता शिवराज रावत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से नाराज भी रहे परन्तु कार्यकर्ता शान्ती सिंह ने हार नहीं मानी। बच्ची रूबी रावत को स्वस्थ करने के लिए सामुदायिक प्रबंधन शुरू किया गया। स्वास्थ्य कार्यकर्ता के माध्यम से बच्चों को दी जाने वाली सभी प्रकार की दवाईयां एकाक्सिसीलिन, मल्टीविटामिन, आरनसिरफ आदि दिलाई गई।

इस दौरान पर्यवेक्षक एकता सिंह द्वारा कार्यकर्ता शान्ती सिंह के साथ पुन: गृह भेंटकर बच्ची के माता-पिता को एन.आर.सी. ले जाने के लिये समझाया गया।

## संपादकीय

## स्कूलों को धमकी

पहली मई को जैसे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के स्कूलों को बम की धमकी वाले ई-मेल मिले थे, ठीक उसी तरह अहमदाबाद के स्कूलों को भी ई-मेल मिले हैं। सप्ताह भर में यह दूसरी बार है, जब स्कूलों को निशाना बनाने की धमकी मिली है। पहले राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के कम से कम 200 स्कूल निशाने पर थे और सोमवार को अहमदाबाद के कम से कम 7-8 स्कूलों को दहशत में लाने की साजिश हुई है। दिल्ली की तरह अहमदाबाद में भी पुलिस ने पूरी सतर्कता बरती और खतरे की किसी भी आशंका के समाधान के तमाम प्रबंध किए। अहमदाबाद में भय पैदा करने की यह साजिश तब सामने आई है, जब गुजरात में आज मतदान होने जा रहा है। क्या कोई ऐसा आतंकी संगठन है, जो भारत में चुनाव के समय किसी कारस्तानी को अंजाम देना चाहता है? यह विशेष रूप से ध्यान देने की बात है कि इस बार भारत में चुनाव बेहद शांतिपूर्ण माहौल में हो रहे हैं। ऐसे में, स्कूलों को निशाना बनाने की धमकी के निहितार्थ को समझना मुश्किल नहीं है। खैर, साइबर क्राइम, अहमदाबाद की पुलिस उपायुक्त ने प्राथमिक जांच के आधार पर जो इशारा किया है, उसके अनुसार, धमकी भरे ई-मेल रूस से आए हैं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के स्कूलों को भी रूस से ही धमकियां मिली थीं। मतलब, 1 मई और 6 मई को धमकी देने वाले आतंकी एक ही समूह के हो सकते हैं। अहमदाबाद के स्कूलों में तमाम तरह से सुरक्षा जांच कर ली गई है, पर आगामी दिनों में भी तमाम स्कूलों की सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध होने चाहिए। पता नहीं, किस देश में छिपकर कायर आतंकी अपराध को अंजाम दे रहे हैं? स्कूलों को निशाना बनाने के बारे में सोचने वाले हैवानों को जल्द से जल्द शिकंजे में लाना चाहिए। कथित डार्क वेब का हवाला दिया जा रहा है, जहां छिपे हुए किसी तथ्य को खोजना बहुत मुश्किल होता है, पर यह काम नामुमकिन नहीं है। तकनीक के विशेषज्ञों का यह कर्तव्य है कि वे धमकी के मूल स्रोत तक पहुंचें और भारत के दुश्मनों को सबक सिखाने के लिए कठघरे में लाएं।

**कोलकाता में अलीमुद्दीन स्ट्रीट पर माकपा का मुख्यालय है। यहीं पर पार्टी के वरिष्ठ नेता विमान बोस रहते हैं। मोहम्मद सलीम सीपीएम के राज्य सचिव बनाए गए हैं। पार्टी में यह बेहद अहम पद है। ऐसे में, सवाल उठता है कि आखिर इतने वर्षों के बाद मुस्लिम समाज के एक नेता को माकपा ने क्यों राज्य सचिव बनाया? इसके पहले मुजफ्फर अहमद, जिनको प्यार से कॉमरेड 'काका बाबू' पुकारते थे, को इतना सम्मान मिला था। काका बाबू पार्टी के संस्थापक सदस्य थे। काका बाबू के बाद हमेशा बंगाली हिंदू ही सीपीएम के नेता बनते रहे हैं।**

# बंगाल में खोई जमीन तलाशता वाम मोर्चा

(जयंत घोषाल, वरिष्ठ पत्रकार)

एक समय था, जब भारत की राजनीति में वाम दलों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हुआ करती थी। दिल्ली में आज भी अरुणा आसफ अली रोड है। अरुणा आसफ अली दिल्ली नगर निगम की पहली 'चेयरपर्सन' चुनी गई थीं। वह अपने दौर की काफी बड़ी वामपंथी नेता थीं। पश्चिम में महाराष्ट्र के श्रीपाद अमृत डांगे से लेकर तेलंगाना, आंध्र जैसे दक्षिणी प्रदेशों में, बल्कि पूरे देश में वाम नेताओं की जनता पर अच्छी पकड़ थी, केरल में तो खैर आज भी है।

ब्रिटिश सत्ता के खिलाफ जब कांग्रेस देश की आजादी की लड़ाई लड़ रही थी, तब उसके भीतर ही वामपंथी और दक्षिणपंथी, दोनों तरह की सोच रखने वाले गुट सक्रिय थे। दक्षिणपंथी गुट के श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कांग्रेस से बाहर निकलकर जनसंघ की शुरुआत की, जबकि ईएमएस नंबूदिरीपाद आदि बहुत सारे नेताओं ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का दामन थाम लिया। मगर आगे चलकर वामपंथ में अंदरूनी विभाजन हुआ और आहिस्ता-आहिस्ता वाम नेताओं की पकड़ कमजोर पड़ती गई। सिर्फ पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और केरल में उनका कुछ आधार कायम रहा। केरल में आज भी उनकी सरकार है, पर पश्चिम बंगाल व त्रिपुरा में वाम मोर्चे की हालत खराब है। स्थिति यह है कि त्रिपुरा में भाजपा लगातार दूसरी बार सत्ता में आ गई है, वहीं पश्चिम बंगाल में लगभग साढ़े तीन दशक तक राज करने वाली माकपा और उसकी सहयोगी वाम पार्टियां बिल्कुल हाशिये पर चली गई हैं।

साल 2021 के विधानसभा चुनाव में वाम मोर्चे ने कांग्रेस के साथ गठबंधन किया था, उन्होंने 'इंडियन सेक्युलर फ्रंट' नाम की एक मुस्लिम पार्टी को भी इस गठबंधन का हिस्सा बनाया। नतीजा यह हुआ कि इंडियन सेक्युलर फ्रंट का तो एक उम्मीदवार इस चुनाव में कामयाब रहा, पर वाम दलों और कांग्रेस का एक भी प्रत्याशी चुनाव जीत न सका। ऐसे में, आज का सबसे बड़ा सवाल यही है कि इस आम चुनाव में वाम मोर्चे, खासकर माकपा की क्या रणनीति है?



कोलकाता में अलीमुद्दीन स्ट्रीट पर माकपा का मुख्यालय है। यहीं पर पार्टी के वरिष्ठ नेता विमान बोस रहते हैं। मोहम्मद सलीम सीपीएम के राज्य सचिव बनाए गए हैं। पार्टी में यह बेहद अहम पद है। ऐसे में, सवाल उठता है कि आखिर इतने वर्षों के बाद मुस्लिम समाज के एक नेता को माकपा ने क्यों राज्य सचिव बनाया? इसके पहले मुजफ्फर अहमद, जिनको प्यार से कॉमरेड 'काका बाबू' पुकारते थे, को इतना सम्मान मिला था। काका बाबू पार्टी के संस्थापक सदस्य थे। काका बाबू के बाद हमेशा बंगाली हिंदू ही सीपीएम के नेता बनते रहे हैं।

यह कोई ढकी-छिपी बात नहीं है कि पश्चिम बंगाल में लगभग 30 फीसदी मुस्लिम मतदाता हैं और भाजपा वहां आक्रामक हिंदुत्व का कार्ड खेल रही है। इस कार्ड ने उसे यहां जबर्दस्त कामयाबी भी दिलाई है। याद कीजिए, एक समय था, जब भाजपा कोलकाता नगर निगम चुनाव में महज दो सीट जीत सकी थी, तब लालकृष्ण आडवाणी ने खुशी जाहिर करते हुए बाकायदा बयान दिया था कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सूबे में हमारा खाता खुल गया है। कोलकाता में भाजपा कार्यकर्ताओं ने खूब गुलाल उड़ाए थे, मानो कोई बड़ी जीत मिली है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में पार्टी की सफलता का आलम यह है कि पिछले आम चुनाव में राज्य की 42 लोकसभा सीटों में से 18 पर जीत हासिल करके भाजपा ने न केवल सबको चौंका दिया, बल्कि अब वह विधानसभा में मुख्य प्रतिपक्ष है।

साफ है, बंगाल में सीपीएम की जगह भाजपा ने हथिया ली है। मोदी का राष्ट्रीय नेतृत्व का अपना आभामंडल तो है ही, राज्य में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी और राज्य भाजपा के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार, दोनों काफी मेहनत भी कर रहे हैं। माकपा को यह लगने लगा है कि इंडियन सेक्युलर फ्रंट और कांग्रेस के साथ गठजोड़ करने से भाजपा को ही फायदा होता है, क्योंकि उसका हिंदू वोट भाजपा को और मुस्लिम आधार इंडियन सेक्युलर फ्रंट को ट्रांसफर होने लगा है, लिहाजा इस आम चुनाव में उसने कोई गठबंधन नहीं किया। अलबत्ता, उत्तरी बंगाल में उसने कांग्रेस के साथ सीटों का तालमेल जरूर किया है।

पश्चिम बंगाल में वाम मोर्चे की दुविधा यह है कि वह अपना सबसे बड़ा शत्रु किसको माने? स्वाभाविक राजनीतिक दुश्मन तो तृणमूल कांग्रेस ही है, क्योंकि ममता ने ही उसको सत्ता से बेदखल किया। माकपा इस बात को भूल नहीं सकती। फिर संदेशखाली की घटना से लेकर ममता सरकार में सामने आए भ्रष्टाचार के मुद्दों, मंत्रियों की गिरफ्तारी को भाजपा जितने जोर-शोर से उठा रही है, उन पर भी माकपा खामोशी नहीं बरत सकती, क्योंकि इससे उसकी विपक्ष की भूमिका प्रभावित होती है और यदि वह आक्रामक विरोध करती है, तो भाजपा विरोधी नैरेटिव को नुकसान पहुंचता है। 2019 और 2021 में माकपा की आंतरिक रणनीति थी कि 'पहले राम बाद में वाम।' यानी राज्य में अभी भाजपा को मजबूत होने दो, बाद में हम उसे हटाएंगे, फिलहाल ममता से निपटना जरूरी है।

मगर इस रणनीति को लेकर इस बार माकपा में मतभेद उभर आया। इस रणनीति के विरोधियों का कहना है कि यदि एक बार भाजपा कोलकाता की सत्ता पर काबिज हो गई, तो अगले तीस वर्षों तक माकपा के लिए सत्ता में लौटना सपना हो जाएगा। इसलिए माकपा दिग्भ्रमित है कि उसका मुख्य दुश्मन कौन है? उसकी एक बड़ी परेशानी यह भी है कि कार्यकर्ता-स्तर पर ममता विरोधी अधिक हैं, जबकि ऊपरी स्तर पर भाजपा के मुखालिफ नेता अधिक हैं। वे सांप्रदायिक मुद्दों को कहीं अधिक महत्वपूर्ण मानते हैं। लिहाजा इस बार यह देखने वाली बात होगी कि माकपा किसके वोट काटती है? पिछले चुनाव में उसका वोट प्रतिशत घटा था और भाजपा को इसका फायदा मिला था।

अगर इस बार सीपीएम कुछ वापसी करती है और हिंदू वोटों को अपनी तरफ खींचती है, तो इससे भाजपा का प्रदर्शन प्रभावित हो सकता है। इसी तरह, सीएए के बाद मुस्लिम वोट कितना माकपा को मिलता है, यह भी देखने की बात होगी, क्योंकि इस कानून से घबराए मुसलमानों के तृणमूल के पक्ष में लामबंद होने की सूचनाएं मिल रही हैं। जाहिर है, यह चुनाव तो ममता बनाम भाजपा ही है, वाम मोर्चा सिर्फ वोट प्रतिशत बढ़ाने और अपनी खोई जमीन वापस पाने के लिए लड़ रहा है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# युद्ध की तैयारी में जुटा चीन!

### छात्रों के लिए अनिवार्य करने जा रहा सेना की ट्रेनिंग, प्राइमरी स्कूल तक शामिल

**निक्केई की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि कई विश्वविद्यालयों ने पहले ही बूटकैंप शुरू कर दिए हैं। इन कैंपों में छात्रों को आग्नेयास्त्रों का उपयोग और लोड करना और बख्तरबंद वाहन चलाना भी सिखाया जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक ये सिर्फ इंसानों तक सीमित मामला नहीं है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने एआई, रोबोटिक्स और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों की ओर भी इशारा करते हुए कहा है कि ये तकनीक भी चीन की सेना के आधुनिकीकरण प्रक्रिया का हिस्सा होना चाहिए।**



(रिजवान)

चीन ने विश्वविद्यालयों और स्कूलों में सैन्य प्रशिक्षण का विस्तार करने के लिए अपने राष्ट्रीय रक्षा शिक्षा कानून में संशोधन करने का फैसला लिया है। इस संबंध में कानून का मसौदा तैयार हो चुका है, जिसे अप्रैल में नेशनल पीपुल्स कांग्रेस की स्थायी समिति ने पहली बार पेश किया। मसौदे में यूनिवर्सिटी, हाई स्कूल, मिडिल स्कूल और यहां तक कि प्राथमिक विद्यालयों के छात्रों के लिए भी सैन्य प्रशिक्षण की बात कही गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन की नेशनल पीपुल्स कांग्रेस की स्थायी समिति ने पिछले सप्ताह कानून में संशोधनों पर चर्चा शुरू की है। मई के अंत तक इस पर सार्वजनिक टिप्पणियां मांगी गई हैं।

निक्केई की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि कई विश्वविद्यालयों ने पहले ही बूटकैंप शुरू कर दिए हैं। इन कैंपों में छात्रों को आग्नेयास्त्रों का उपयोग और लोड करना और बख्तरबंद वाहन चलाना भी सिखाया जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक ये सिर्फ इंसानों तक सीमित मामला नहीं है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने एआई, रोबोटिक्स और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों की ओर भी इशारा करते हुए कहा है कि ये तकनीक भी चीन की सेना के आधुनिकीकरण प्रक्रिया का हिस्सा होना चाहिए।

**सीएमसी देगी ट्रेनिंग-** इस ट्रेनिंग की जिम्मेदारी शिक्षा मंत्रालय और कम्युनिस्ट पार्टी के केंद्रीय सैन्य आयोग (सीएमसी) को दी गई है, जो चीन की शीर्ष रक्षा संस्था है। विधेयक में ये भी कहगा गया है कि स्थानीय और केंद्रीय अधिकारी छात्रों के लिए निगरानी और प्रशिक्षण को मजबूत करने का काम करेंगे। विधेयक के आलोचकों का कहना है कि सैन्य प्रशिक्षण लागू करने का सरकार का कदम युवाओं को पार्टी के प्रति वफादार रखना है। साथ ही गिरती अर्थव्यवस्था और उच्च बेरोजगारी दर से लोगों का ध्यान हटाना है। नेशनल ब्यूरो ऑफ स्टैटिस्टिक्स के मुताबिक फरवरी में 16-24 वर्ष की आयु के छात्रों के लिए बेरोजगारी दर 15.3 फीसदी थी।

राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों और यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के साथ अपनी हालिया बैठक में युद्ध की वैश्विक समाप्ति का आह्वान किया था। हालांकि उन्होंने इस तथ्य को छिपाया नहीं है कि चीन को युद्ध के लिए तैयार रहने की जरूरत है। सीआईए डायरेक्टर विलियम बर्न्स ने कहा है कि चीन का लक्ष्य ताइवान पर आक्रमण के लिए 2027 तक खुद को तैयार करना है।

## वर्ग पहेली 5366

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 |
| 7 | | ■ | 8 | | | ■ | |
| | ■ | 9 | | | ■ | ■ | ■ |
| 10 | | | ■ | ■ | 11 | 12 | 13 |
| | ■ | 14 | | ■ | 15 | | |
| 16 | 17 | | ■ | 18 | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | 20 | | | ■ |
| | ■ | ■ | 21 | | | ■ | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 19 जून को कांग्रेस के वर्तमान राजनीतिज्ञ का जन्मदिवस है (5)
5. संबंध से, हेतु, वास्ते (2)
7. दार्शनिक प्रणाली, राय, वोट (2)
8. धारण करने वाला, वेशधारी (3)
9. रोगी, जिसे कोई मर्ज हो (3)
10. रस्म, प्रथा, रीति (3)
11. झुकाना, लचकाना, अवनमित करवाना (3)
14. पौधा, कढ़ा-बुना हुआ (2)
15. चिरमिरहट, झुलस (3)
16. कुशल, तत्वज्ञ, निपुण (3)
18. महसूस, टैक्स, हस्त, हाथ (2)
19. प्रणाम करता हुआ, अवनमित, झुका हुआ (2)
20. नियम पालन, निष्ठा निर्वाह (3)
21. फलदायक, फल देनेवाला, फलद, सुफल (3)

**ऊपर से नीचे**

1. संत तुलसीदास की प्रसिद्ध पौराणिक कृति (8)
2. आहुति के रूप में दिया हुआ (2)
3. यह गांधार देशाधिपति सुबल की पुत्री थी शकुनि इनके भाई थे (3)
4. धैर्य, धीरता (3)
6. तीक्ष्ण, कर्तनक्षम, गहन प्रभावी (2)
9. विवश, लाचार, इस नाम की दो फिल्मों के नायक क्रमश:विश्वजीत (1965) व अमिताभ बच्चन (1974) थे (4)
11. जो नजरों से ओझल कर कैद किया गया हो, नजर कैदी (5)
12. क्रय-विक्रय की वस्तु, सुस्वादु भोजन, असबाब, स्वादिष्ट आहार (2)
13. ये सिख संप्रदाय के आदि गुरू थे (3)
17. भलाई, उपकार, कल्याण, अंतर्गृहीत (2)
18. कपालास्थि कटोरा, कर्पट, खपरा, संपूर्ण खोपड़ी (3)

### वर्ग पहेली 5365 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चि | ली | ■ | भ | र | त | पु | र |
| त | ना | ■ | ला | म | ■ | का | ज |
| ■ | चं | दा | ■ | ना | दि | र | ■ |
| अ | दा | व | त | ■ | ल | ■ | ड |
| ■ | व | त | न | ■ | ज | मै | का |
| कौ | र | ■ | ब | द | ला | ना | ■ |
| म | क | स | द | ■ | ■ | ■ | रो |
| ■ | र | वा | न | गी | ■ | सो | म |

# रानाघाट इलाके में बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे लोग, पूछ रहे कब दीदी को हम पर आएगा तरस?

(नीरज कुमार दुबे)

रानाघाट फूलों की खेती के लिए विश्व विख्यात है। रानाघाट में बड़ी संख्या में बांग्लादेश से आए हिंदू शरणार्थी बसे हुए हैं। बताया जाता है कि इन शरणार्थियों में मतुआ समुदाय के लोगों की संख्या सर्वाधिक है।

पश्चिम बंगाल का रानाघाट संसदीय क्षेत्र बांग्लादेश की सीमा से सटा हुआ है। इस क्षेत्र में टीएमसी और कांग्रेस के बीच मुकाबला होता रहा है मगर पिछले लोकसभा चुनावों के दौरान चली मोदी लहर के चलते जगन्नाथ सरकार ने यह सीट भाजपा की झोली में डाल दी थी। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के दौरान भी जगन्नाथ सरकार यहां से विधानसभा चुनाव जीत गए थे मगर बाद में उन्होंने संसदीय सीट बरकरार रखते हुए विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। इस बार भाजपा ने उन्हें फिर से अपना उम्मीदवार बनाया है।

प्रभासाक्षी की चुनाव यात्रा जब रानाघाट पहुंची तो हमने सांसद जगन्नाथ सरकार से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पिछले पांच साल में मैंने विकास के जितने काम कराए हैं उतने पहले कभी नहीं हुए थे। उन्होंने कहा कि मैं मोदी सरकार की तो कई योजनाएं अपने क्षेत्र में ले आया लेकिन जहां राज्य सरकार की मदद की जरूरत पड़ी वहां काम में देरी हुई या फिर वह लटक गया। उन्होंने उम्मीद जताई कि जनता उन्हें एक और मौका देगी ताकि वह सबकी सेवा कर सकें।

हम आपको बता दें कि रानाघाट फूलों की खेती के लिए विश्व विख्यात है। रानाघाट में बड़ी संख्या में बांग्लादेश से आए हिंदू शरणार्थी बसे हुए हैं। बताया जाता है कि इन शरणार्थियों में मतुआ समुदाय के लोगों की संख्या सर्वाधिक है। हम आपको बता दें कि रानाघाट में कई ऐतिहासिक स्थल हैं जिनका यदि जीर्णोद्धार हो जाए तो इस इलाके में पर्यटन की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। इस इलाके से कई बड़े नाम निकले हैं जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में नाम कमाया है, इनमें फिल्म अभिनेत्री राखी गुलज़ार और खिलाड़ी सोमा बिस्वास का नाम प्रमुख है।

हम आपको बता दें कि अपने शासन के दौरान कृष्णा पंती और उनके वंशज पाल-चौधरी ने यहां कई मंदिरों का निर्माण करवाया था। नादिया जिले में पड़ने वाले इस इलाके में कई महलनुमा इमारतें, मंदिर और उद्यान देखने को मिलते हैं। यह सभी वास्तुकला के बेहतर उदाहरण हैं।

2009 में अस्तित्व में आई रानाघाट संसदीय सीट पर पहले टीएमसी का कब्जा था, लेकिन साल 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के जगन्नाथ सरकार को यहां से बड़ी जीत मिली थी। जगन्नाथ सरकार भी मतुआ समुदाय से आते हैं।

रानाघाट में ग्रामीण मतदाताओं की संख्या कुल आबादी की लगभग 59 प्रतिशत है, जबकि शहरी मतदाता 41 फीसदी बताए जाते हैं। इस क्षेत्र की कुल जनसंख्या में अनुसूचित जाति की आबादी 35.98 और अनुसूचित जनजाति की आबादी 3.57 फीसदी बताई जाती है। इस संसदीय क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या 1833975 है।

हम आपको बता दें कि रानाघाट लोकसभा सीट के अंतर्गत सात विधानसभा सीटे आती हैं।

## आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन अनुकूल है और आपको भाग ?य का पूरा साथ मिलेगा। जो काम हाथ में लेंगे उसमें आपको सफलता मिलेगी। उत्तम राज योग का संयोग बन रहा है। आज आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि के योग हैं। कुछ आकस्मिक लाभ भी हो सकते हैं। शाम से लेकर रात्रि तक शुभ व धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

### वृषभ
आज का दिन आर्थिक लाभ से भरा होगा और आज आपकी कार्य से संबंधित योजनाएं सफल होंगी। आज आपको सम्?मान की प्राप्ति होगी। आप अपने किए कार्यों की प्रशंसा से फूले नहीं समाएंगे। रात्रि के समय किसी सामाजिक समारोह में शामिल होने का मौका आपको मिलेगा। आज आपको जरूरी कार्य में खर्च करना पड़ सकता है।

### तुला
आज भाग ?य साथ दे रहा है और आज जो भी कार्य आप मेहनत से करेंगे उसमें आपको लाभ होगा। आप ऑफिस के कार्य में कोई रिस्?क न लें तो आपके लिए अच्?छा होगा। आप यही सोचकर आगे बढ़ें कि किसी संकट में फंस जाते हैं तो क्या कर सकते हैं। आपके धन में वृद्धि होगी।

### वृश्चिक
आज का दिन सफलता से भरा होगा और पूरा दिन काफी व्?यस्?त रहेंगे। कई प्रकार के विवाद और झंझट आपके सामने आ सकते हैं। शात तक आप अपना कुछ समय लगाकर अपने कार्य कौशल से अपनी मुसीबतें कम कर सकते हैं। रात का समय किसी सामाजिक कार्यक्रम में बीतेगा।

### मिथुन
आज भाग ?य साथ दे रहा है और आज आपके लिए ग्रहों के शुभ योग बन रहे हैं। आज घर में भाइयों से आपका विवाद उग्र रूप धारण कर सकता है। शत्रु पक्ष के लोग आपकी परेशान कर सकते हैं। आप अपनी कार्यकुशलता से समस्या का समाधान निकालने का प्रयास करेंगे। आपको लाभ होगा।

### कर्क
आज का दिन सफलता देने वाला होगा। आज ग्रहों के शुभ योग से आपके भाग ?य में वृद्धि होगी। पुराने किसी मुकदमे में आपकी जीत हो सकती है। कोई खोई मूल्यवान वस्तु अकस्मात् मिल जाएगी। सायं से लेकर रात्रि तक सक्रिय राजनीति में बिजी रहेंगे।

### धनु
आज परीक्षा को पास करने में सफलता मिलेगी। जिस तरीके से आप अपनी रणनीति को लागू कर रहे हैं, उसमें आपके लिए सफलता के योग बन रहे हैं। आर्थिक स्थिति में भी धीरे-धीरे सुधार होगा। रात में किसी की सेहत को लेकर आपको भागदौड़ करनी पड़ सकती है। भाग ?य आपका साथ देगा।

### मकर
आज का दिन भाग ?यशाली है और आज आपका मूड सुबह से ही अच्?छा रहेगा। किसी बड़े लाभ के चक्कर में आप दिनभर भागदौड़ करने के लिए भी तत्पर रहेंगे। परिस्थितियां जब सुधरने लगेंगी तो आपको लाभ होगा। व्यर्थ की जद्दोजहद तथा तनाव भी समाप्त होने लगेंगे।

### सिंह
आज परेशानियों में बीतेगा। कारोबार में अकस्मात् लाभ मिलने से हर्ष होगा। आपको खोया हुआ विश्वास पुन: प्राप्त होगा। संतान पक्ष से भी अपेक्षित समाचार मिलेगा। आज आपके परिवार का कोई व्?यक्ति आपके मन की बात को जानने का प्रयास करेगा। सावधान रहें और अपनी प्रगति की बातें

### कन्या
आज काफी समय से जो असमंजस बना है, आज उसका अंत होगा और मायूसी भी समाप्त हो जाएगी। जिस वजह से आपके सभी कार्य अभी तक नहीं बन रहे थे आज वह रुकावट हट जाएगी और आपको किस्?मत का साथ मिलेगा। ज्ञान कला और लेखन कार्य में आपकी दक्षता रंग लाएगी। शाम का वक्?त आनंद में बीतेगा।

### कुंभ
आज आपके विरोधी भी आपका कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगे। आप फालतू कामों में उलझे रहे हैं तो आपकी परेशानियां और बढ़ सकती हैं। अपने वरिष्?ठ अधिकारी को इसकी जानकारी अवश्य दें। आज के दिन आपका जरूरी कार्य में काफी खर्च होगा। आपके धन में वृद्धि होगी और भाग्य साथ देगा। आपके धन में वृद्धि होगी।

### मीन
आज का दिन मिलाजुला रहेगा। आज व्यवसाय के विस्तार के लिए पर्याप्त अवसर और अनुकूल समय आपको मिलेगा। बाहर की सुविधाएं भी आपको मिल रही हैं और आर्थिक मामलों में पैसों कमी नहीं होगी। अगर संतान के विवाह का बात चल रही है तो आज बात पक्?की हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### राम मंदिर आखिरी नहीं, हर मंदिर को मुक्त कराना है : हिमंत बिस्वा सरमा

गुवाहटी, एजेंसी। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने गुरुवार को एक जनसभा के दौरान कहा कि कांग्रेस अयोध्या में राम मंदिर की जगह एक बार फिर बाबरी मस्जिद बनवा सकती है। ओडिशा के मलकानगिरि में चुनाव प्रचार करने पहुंचे सरमा ने कहा कि अगर मस्जिद को दोबारा बनने से रोकना है तो भाजपा को 400 सीटों से जीत दिलानी होगी। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक सरमा ने कहा, लोग हमसे पूछते हैं कि आखिर हमें 400 सीटें क्यों चाहिए। हमें 400 सीटों की जरूरत है क्योंकि कांग्रेस राम मंदिर की जगह पर बाबरी मस्जिद बनाना चाहती है। हमें पक्का करना है कि इस देश में दोबारा बाबरी मस्जिद ना बने। इसलिए नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए हमें वोट देना है।

उन्होंने कहा, पहले कांग्रेस राम मंदिर बनाने की तारीख पूछा करती थी। अब उन्होंने ये पूछना बंद कर दिया है। कांग्रेस को पता है कि हम केवल राम मंदिर पर नहीं रुकने वाले हैं। हमें अपने देश के हर मंदिर को मुक्त कराना है। हमारा अजेंडा बहुत बड़ा है। बता दें कि साल 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने अयोध्या के राम मंदिर विवाद को लेकर फैसला सुनाया था। इसके बाद राम मंदिर का निर्माण शुरू हुआ और 22 जनवरी को पीएम मोदी ने रामलला की प्राणप्रतिष्ठा कर दी। सरमा ने कहा, मोदी को 400 सीटें चाहिए ताकि कांग्रेस कभी 370 को वापस ना ला सके। मोदी को 400 सीटें चाहिए जिससे कि राम मंदिर पर बाबरी ताला ना लग से। गुरुवार को प्रियंका गांधी ने कहा था प्रधानमंत्री झूठ बोल रही है। कांग्रेस हमेशा सुप्रीम कोर्ट के आदेश का सम्मान करेगी। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री जी एकदम झूठ बोल रहे हैं। हमने पहले भी कोर्ट का सम्मान किया है और आगे भी करते रहेंगे।

### ट्रक ने कार में मारी टक्कर, 3 दोस्तों की मौत

भागलपुर, एजेंसी। बिहार में भागलपुर जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक ट्रक और कार की टक्कर में कार में सवार तीन दोस्तों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर मकनपुर चौक का पास ट्रक और कार की आमने-सामने की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई। बताया जाता है कि तीन दोस्त एक कार पर सवार होकर पूर्णिया से आ रहे थे, तभी मकनपुर चौक का पास सामने से आ रहे एक ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। वाहनों की रफ्तार इतनी अधिक थी कि टकराने के बाद कार की छत उड़ गई। इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शवों को बाहर निकाला। मृतकों की पहचान भवानीपुर निवासी मनोज यादव (30), कैपिस्टर यादव (32) और खगड़िया निवासी प्रभाकर यादव (28) के रूप में की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अक्षय तृतीया पर सीएम योगी ने किया रुद्राभिषेक, प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की

गोरखपुर, एजेंसी। अक्षय तृतीया पर शुक्रवार सुबह सीएम योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक कर भगवान भोलेनाथ से प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। उन्होंने सभी नागरिकों को अक्षय तृतीया की हार्दिक बधाई भी दी। गोरखनाथ मंदिर स्थित पीठाधीश्वर आवास के प्रथम तल पर शक्तिपीठ में सीएम योगी ने देवाधिदेव महादेव को विल्व पत्र, कमल पुष्प, दूर्वा, अनेकानेक पूजन सामग्री अर्पित करने कर बाद दूध एवं फलों के रस से रुद्राभिषेक किया। मठ के विद्वत पुरोहितगण ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्यायी के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कराया। रुद्राभिषेक के बाद मुख्यमंत्री वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन व आरती की। विधि विधान से पूर्ण हुए अनुष्ठान के उपरांत उन्होंने प्रदेशवासियों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की मंगलकामना की। सीएम योगी आदित्यनाथ ने अक्षय तृतीया पर्व की सभी लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, सौभाग्य व समृद्धि के पावन पर्व अक्षय तृतीया की प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं! त्रिभुवन स्वामी भगवान श्री विष्णु जी एवं मां लक्ष्मी जी से प्रार्थना है कि सभी का जीवन सुख-शांति, संपन्नता व उत्तम स्वास्थ्य से परिपूर्ण हो। अक्षय तृतीया के पावन तिथि को ही भगवान परशुराम का अवतरण भी हुआ था। यह तिथि परशुराम जयंती के रूप में भी मनाई जाती है।

### मुंबई-पुणे एक्सप्रेस वे पर दर्दनाक हादसा, 3 की मौत

रायगढ़, एजेंसी। मुंबई-पुणे एक्सप्रेस वे पर एक सड़क हादसे में तीन यात्रियों की मौत हो गई और आठ घायल हो गए। घायलों में चार लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसा रायगढ़ जिले के खोपोली बोरघाट के पास मुंबई-पुणे एक्सप्रेस वे पर शुक्रवार सुबह करीब 4 बजे हुआ। तेज रफ्तार ट्रक ने टेंपो को टक्कर मार दी, वहीं टेंपो वैन से जा टकराया। इस वजह से यह भीषण हादसा हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। रिपोर्ट के अनुसार, ट्रक के ब्रेक फेल हो गए थे, जिससे वह अनियंत्रित होकर टेम्पो से टकरा गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और हाईवे सेफ्टी पेट्रोलिंग पुलिस को हादसे की जानकारी दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी 11 घायल यात्रियों को इलाज के लिए नवी मुंबई स्थित एक अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने एक महिला समेत तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया।

# विक्रमादित्य के नामांकन के बाद शक्ति प्रदर्शन, सुक्खू बोले- कंगना मंडी के अंगना फ्लॉप होगी

मंडी, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश की हॉट लोकसभा सीट मंडी से कांग्रेस के युवा नेता व कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने नामांकन भर दिया है। उन्होंने गुरूवार को मंडी में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह व प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ला समेत पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। मंडी में भाजपा ने बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत को अपना उम्मीदवार बनाया है। इस सीट पर रोचक मुकाबला होने के आसार हैं।



**नामांकन के बहाने प्रदर्शन :** नामांकन के बाद ऐतिहासिक सेरी मंच पर रैली का आयोजन हुआ। इस रैली में भारी तादाद में लोगों को जुटाकर कांग्रेस ने अपनी सियासी ताकत दिखाई। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भाजपा नेताओं जयराम ठाकुर और कंगना रनौत पर बड़ा सियासी हमला बोला। मुख्यमंत्री भाजपा के साथ कांग्रेस के बागियों पर भी जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विक्रमादित्य सिंह राजनीति के युवा हीरो हैं और आज वह राजनीति में नहीं होते, तो बॉलीवुड के टॉप के हीरो होते।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में पिछले वर्ष आई आपदा में विक्रमादित्य सिंह ने लोक निर्माण मंत्री के रूप में बेहतर काम किया और प्रभावितों के दुख दर्द में साथ रहे। उन्होंने कहा कि कंगना रनौत ने फिल्म इंडस्ट्री में बहुत नाम कमाया है, लेकिन जयराम ठाकुर उन्हें जबरदस्ती राजनीति में ले आए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राज्य प्रभारी राजीव शुक्ला की रणनीति के घबराकर जयराम ठाकुर ने चुनाव से किनारा कर लिया और अपनी जगह कंगना को मैदान में उतार दिया।

**कंगना मंडी के अंगना फ्लॉप होगी- सुक्खू :** मुख्यमंत्री ने कहा कि जयराम ठाकुर ने कंगना से सिर्फ एक महीने के लिए शूटिंग की डेट मांगी है। फिल्म का नाम है कंगना मंडी के अंगना लेकिन अगर डायरेक्टर फ्लॉप हो तो फिल्म का फ्लॉप होना तय है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी 2022 में जयराम ठाकुर ने फिल्म बनाई, जिसका नाम रखा रिवाज बदलेंगे लेकिन जनता ने उन्हें ही बदल दिया। फिर 27 फरवरी 2024 को ऑपरेशन लोट्स फिल्म बनाई, लेकिन वह फिल्म भी पिट गई। इसलिए इस बार भी फ्लॉप डायरेक्टर की फिल्म फ्लॉप होना तय है।

सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि विधानसभा में जयराम ठाकुर ने कहा कि इस सरकार को भगवान भी नहीं बचा सकता है। लेकिन भगवान ने इस सरकार को बचाया है और बिके हुए छह विधायकों को अब दोबारा चुनाव लड़ना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव बेईमानी और ईमानदारी के बीच है तथा कांग्रेस पार्टी ने सभी साफ छवि वाले उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं। कांग्रेस पार्टी ने एक भी दागी को टिकट नहीं दिया है।

**मंडी संसदीय सीट पर वीरभद्र परिवार का रहा दबदबा :** मंडी संसदीय क्षेत्र में वीरभद्र परिवार का दबदबा रहा है। वीरभद्र सिंह परिवार का यह दसवां चुनाव होगा। वीरभद्र सिंह ने चार और प्रतिभा सिंह ने यहां पांच बार चुनाव लड़ा था। दोनों छह बार विजयी हुए थे। विक्रमादित्य सिंह का यह तीसरा और लोकसभा का पहला चुनाव है। इससे पहले वह शिमला ग्रामीण से विधानसभा के दो चुनाव लड़ चुके हैं। दोनों में विजयी हुए थे। वर्तमान में वह शिमला ग्रामीण से विधायक हैं और सुक्खू सरकार में लोकनिर्माण व शहरी विकास जैसे अहम विभागों के मंत्री हैं।

## यूपी पुलिस का एनकाउंटर ऐक्शन, टाटा स्टील के अफसर के हत्यारे को किया ढेर



गाजियाबाद, एजेंसी। गाजियाबाद पुलिस ने टाटा स्टील के नेशनल बिजनेस हेड विनय त्यागी की हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। गुरुवार देर रात अर्थला क्षेत्र में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में एक आरोपी ढेर हो गया, जबकि दूसरा आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी से विनय का मोबाइल और घटना में प्रयुक्त पिस्टल बरामद कर ली है। विनय त्यागी की 3 मई की लूटपाट के बाद हत्या कर दी गई थी।

डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटील ने बताया कि गुरुवार देर रात सूचना के आधार पर अर्थला में पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक बाइक पर आए दो युवकों को रुकने का इशारा किया तो वे भागने लगे। साथ ही पुलिस पर फायरिंग भी कर दी। बदमाशों की गोली लगने से एक दारोगा घायल हो गए। इसके बाद जवाबी कार्रवाई में बाइक सवार दो बदमाशों में से एक को पुलिस की गोली लग गई, जबकि दूसरा फरार हो गया।

डीसीपी का कहना है कि बदमाश और दारोगा को जिला एमएमजी? अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां बदमाश की मौत हो गई। उसकी पहचान सीलमपुर में रहने वाले अक्की उर्फ दक्ष के रूप में हुई है, अक्की के पास से विनय का लूट गया वनप्लस मोबाइल फोन और पिस्टल बराबर हुई है। इसी पिस्टल को दिखाकर विनय से लूटपाट की गई थी। लूट के बाद भी अक्की? व उसके साथियों ने विनय पर चाकू से वार कर दिया था, जिसमें उनकी मौत हो गई थी।

बता दें कि, खेतान पब्लिक स्कूल के पास नाले में विनय त्यागी लहूलुहान हालत में 4 मई को तड़के तीन बजे मिले थे। अस्पताल में उनकी मौत हो गई थी। 3 मई को विनय दिल्ली स्थित कार्यालय से लौट रहे थे। रात 8:27 बजे राजबाग मेट्रो स्टेशन के बाहर निकले थे। रात 10ः30 बजे पत्नी रुचि त्यागी के फोन करने पर उन्होंने मेट्रो स्टेशन से ले जाने के लिए कहा था, लेकिन तुरंत ही फोन कर आने से मना कर दिया था। काफी देर तक घर नहीं पहुंचने पर 11:21 बजे पत्नी ने दोबारा फोन किया तो लोनी रोड की लोकेशन भेज कर डिलीट कर दी गई थी।

## तेजस्वी का चिराग पर निशाना, कहा- उन्हें थोड़ा आरक्षण के बारे में पढ़ना चाहिए

पटना, एजेंसी। राष्ट्रीय जनता दल नेता तेजस्वी यादव ने लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) प्रमुख चिराग पासवान को आरक्षण पर दिए बयान को लेकर आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा, चिराग को आरक्षण के बारे में जानकारी नहीं है, उन्हें थोड़ा आरक्षण के बारे में पढ़ लेना चाहिए। उन्होंने खुद ही कहा था कि जो दलित अब संपन्न हो चुके हैं, उन्हें आरक्षण लौटा देना चाहिए। चिराग पासवान ने कहा था, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आरक्षण को मजबूत किया है। उन्होंने आरक्षण को विस्तार दिया है। चिराग के इसी बयान पर अब तेजस्वी ने अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने आगे कहा, चिराग पासवान स्वाभीमानी नहीं हैं। अगर होते, तो वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ कभी नहीं जाते। प्रधानमंत्री ने उनके साथ कैसा सलूक किया, यह किसी से छुपा नहीं है। पीएम मोदी ने उनकी पार्टी को विभाजित किया। इसके अलावा, उनकी पार्टी का सिंबल छीन लिया, लेकिन पता नहीं क्यों, चिराग आज भी पीएम मोदी के हनुमान बनकर क्या साबित करना चाह रहे हैं। तेजस्वी ने आगे कहा, चिराग पासवान को थोड़ा अपने पिता व स्वर्गीय रामविलास पासवान के पुराने भाषणों को सुन लेना चाहिए कि किस तरह उन्होंने बीजेपी की मुखालफत की थी।

## मुर्गे का बच्चा हूं क्या? नवनीत राणा की 15 सेकेंड वाली चुनौती पर भड़के ओवैसी

हैदराबाद, एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सिंबल पर लोकसभा का चुनाव लड़ रहीं सांसद नवनीत राणा के 15 सेकेंड वाले बयान पर एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने खूब सुनाया है। उन्होंने अकबरुद्दीन ओवेसी का जिक्र करते हुए कहा कि किसी के बाप से नहीं डरने वाला है छोटे। इसके साथ ही उन्होंने अपने छोटे भाई को तोप करार दिया है।

ओवैसी ने कहा, महाराष्ट्र से आकर सांसद छोटे-छोटे बोलती हैं। अरे मैं छोटे को रोक कर रखा हूं। तुमको मालूम क्या छोटा है? तोप है वो, सालार का बेटा है, बहुत मुश्किल से समझा के बैठना पड़ता उनको। उसको समझाने वाले का नाम असदुद्दीन ओवैसी है। किसी के बाप का भी सुनने वाला नहीं है छोटा।

ओवैसी ने आगे कहा, मुर्गी का बच्चा हूं कि 15 सेकेंड चाहिए। अपने दिल्ली वाले पापा से पूछ के बताए। तुम्हारे घर आऊं, तुम्हारे ऑफिस आऊं? जिस दिन मैंने छोटे को बोल दिया कि मियां मैं आराम करता हूं तुम संभालो। उस दिन तुम संभालो उसको।

ओवैसी और उनके भाई अकबरुद्दीन पर



तीखा हमला करते हुए भाजपा की नेता नवनीत राणा ने कहा था कि अगर ''15 सेकंड के लिए पुलिस को ड्यूटी से हटा दें तो दोनों भाइयों को पता नहीं चलेगा कि वे कहां से आए और कहां गए।'' उनकी टिप्पणियों की तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी और एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने कड़ी आलोचना की। रेवंत रेड्डी ने राणा का नाम लिए बिना उनकी टिप्पणियों का उल्लेख करते हुए कहा कि निर्वाचन अधिकारियों को एक आपराधिक मामला दर्ज करना चाहिए और 'भड़काऊ टिप्पणी करने वाली संसद सदस्य' को गिरफ्तार करना चाहिए।

राणा का बयान एआईएमआईएम विधायक अकबरुद्दीन ओवैसी के 2013 में दिए गए उस विवादित भाषण के जवाब में आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर पुलिस को हटा दिया जाए तो देश में ''हिन्दू-मुस्लिम अनुपात'' को बराबर लाने में उन्हें केवल ''15 मिनट'' लगेंगे।

महाराष्ट्र की अमरावती लोकसभा सीट से भाजपा की उम्मीदवार राणा ने कहा, ''छोटा (अकबरुद्दीन) बोलता है कि पुलिस को 15 मिनट के लिए हटाओ तो दिखाएंगे कि हम क्या कर सकते हैं। मेरा कहना है तुम 15 मिनट लगाओगे पर हमको 15 सेकंड लगेंगे। अगर 15 सेकंड पुलिस को हटाया तो छोटे और बड़े को यह पता नहीं लगेगा- कहां से आए और कहां गए।

## छात्रों ने नीट परीक्षा में लगाया गड़बड़ी का आरोप, दोबारा परीक्षा कराने को लेकर कांग्रेस ने सौंपा राज्यपाल को ज्ञापन

रायपुर, एजेंसी। नीट परीक्षा के दौरान प्रश्नपत्र के साथ हुई गड़बड़ी के कारण छात्र छात्राओं के साथ हुए अन्याय की शिकायत और जांच की मांग को लेकर कांग्रेस महामंत्री मलकीत सिंह गेंदू, बालोद कांग्रेस विधायक संगीता सिन्हा, शैलेश नितिन त्रिवेदी, वरिष्ठ प्रवक्ता विकास तिवारी राजभवन पहुंचे और राज्यपाल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है।




**नीट परीक्षा दोबारा हो या बच्चों को मिले बोनस अंक :** संगीता सिन्हा ने मीडिया को बताया कि बालोद जिले में विद्यार्थी नीट का एग्जाम दे रहे थे। 45-50 मिनट के बाद उनका पेपर बदल दिया गया और सिर्फ 5 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया। उन्होंने कहा अगर अभियार्थियों को पर्याप्त समय दिया जाता तो कोई परेशानी नहीं थी। इस मामले में उन्होंने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा है और यह निवेदन किया है कि नीट की परीक्षा दोबारा कराई जाए या अभियार्थिओं को बोनस अंक दिया जाए।

**छात्रों के साथ न्याय होगा- कांग्रेस :** संगीता सिन्हा ने कहा बच्चे कई सालों से परीक्षा की तैयारी करते है और अधिकारियों की लापरवाही की वजह से उन्हें गलत पेपर हल करने के लिए दिया गया। उन्होंने कहा एग्जाम समाप्त होने के बाद बच्चे रो रहे थे, अधिकारियों की लापरवाही के कारण बच्चों के साथ अन्याय हुआ है। अगर किसी कारण बच्चों को इनसे न्याय नहीं मिलता है और बच्चे आत्महत्या कर लेते है तो इसके लिए कौन जिम्मेदार होगा। उन्होंने कहा इस मामले में हम अभी राज्यपाल के पास आए है, एनटीए को भी पत्र लिखा है और हम राष्ट्रपति को भी पत्र दे रहे है। उन्होंने कहा हम आशा ही नहीं बल्कि पूरा विश्वास है कि बच्चों के साथ न्याय होगा। शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा कि बालोद की जागरूक विधायक संगीता सिन्हा ने नीट परीक्षा में बालोद के बच्चों के साथ जो अन्याय हुआ है उस मुद्दे को आज उठाया है। उन्होंने कहा जहां परीक्षा में एक-एक नंबर से फर्क पड़ता है। वही पर बच्चों को 50 मिनट तक गलत प्रश्नपत्र सॉल्व करने को दिया गया जब अधिकारियों को अपनी गलती का एहसास हुआ उसके बाद उन्हें दूसरा प्रश्नपत्र दिया गया। उन्होंने कहा कई अन्य परीक्षा केंद्रों में भी ऐसी शिकायत मिली है ऐसे समय में बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने सरहनीय पहल की है। उन्होंने राज्यपाल को जिस तरह से समझाया है, राज्यपाल जी ने इस विषय को ऊपर उठाने और संज्ञान में लेने का हम आश्वासन दिया है।

## तेंदूपत्ता तोड़ने गए ग्रामीण को हाथियों ने कुचला, इलाके में फैली दहशत

धरमजयगढ़, एजेंसी। छत्तीसगढ़ में मानव हाथी द्वंद का एक और मामला सामने आया है। जहां जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गए ग्रामीण को हाथियों ने कुचल कर उसे मौत के घाट उतार दिया है। यह हादसा प्रदेश रायगढ़ जिले अंतर्गत धरमजयगढ़ वन मंडल का बताया जा रहा है। इस घटना के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर ग्रामीण के शव को बरामद कर मुआवजे की कार्रवाई में जुट गई है। छत्तीसगढ के रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल के छाल थाना क्षेत्र के खर्रा में यह घटना हुई है। बताया जा रहा है कि पीड़ित ग्रामीण जंगल में तेंदूपता तोड़ने गया हुआ था। उस वक्त अचानक हाथी ने उस पर हमला कर दिया और उसकी मौत हो गई है। हादसे की खबर मिलते ही वन विभाग और पुलिस टीम मौके पर पहुंच कर कानूनी कार्रवाई में जुट गए है। जानकारी के अनुसार छाल वन परिक्षेत्र के आरएफ 519 औरानारा में हाथी के हमले में जिस व्यक्ति की मौत हुई उसका नाम सुबरन राठिया है और वह निवासी भलमुडी था। पीड़ित वन क्षेत्र में कल दोपहर से तेंदूपत्ता तोड़ने गया था, लेकिन रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने आज सुबह जब खोजबीन शुरू की तो जंगल में सुबरन का शव मिला। धरमजयगढ़ वनमंडल में 26 हाथियों का एक बड़ा झुंड देखने को मिला है। धरमजयगढ़ वन मंडल में हाथी के आने का मामला आम बात हो गई है। कल शाम हाथी का



एक बड़ा झुंड पुरूंगा और किदा के बीच छाल रेंज के किदा बीट में विचरण कर रहा हैं। इसके कारण हाथी प्रभावित क्षेत्रों में ग्रामीणों के बीच डर का भी माहौल बना हुआ है। गौरतलब है कि बीते दिनों दोनों वन मंडल के जंगलों में 96 हाथियों का दल चहलकदमी करता देखा गया था। हाथी प्रभावित क्षेत्र के जंगलों में ग्रामीणों का जाना भी किसी खतरे से कम नहीं है। जिसके कारण विभाग द्वारा लगातार ग्रामीणों को जंगल की ओर अकेले नहीं जाने की बात भी कही जाती है। वहीं कल शाम ढलने के बाद हाथियों का दल जंगल से निकलकर खेतों तक पहुंच रहा है। जहां हाथियों के दल ने धरमजयगढ़ के बायसी में धान की फसलों को बर्बाद कर दिया है। इसके अलावा छाल वन परिक्षेत्र के हाटी, बांसाझार, कीदा, भलमुड़ी में धान फसलों को चौपट कर दिया।

## भाजपा क्यों कर रही 400 पार का दावा? 2019 में हारी हुई आधी सीटों पर जीत का भरोसा

नईदिल्ली, एजेंसी। बड़े लक्ष्य के साथ चुनाव मैदान में उतरी भाजपा को पिछली बार हारी हुई 160 सीटों में से कम से कम आधी सीटें जीतने का भरोसा है। इसके अलावा पार्टी अपनी मौजूदा सीटों में बहुत ज्यादा कमी नहीं देख रही है। तीन चरणों का मतदान संपन्न होने के बाद भाजपा नेतृत्व ने आगे की चुनावी रणनीति पर मंथन किया है, इसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एक प्रमुख पदाधिकारी भी मौजूद रहे। सूत्रों के अनुसार, पार्टी को भरोसा है कि वह पिछले लोकसभा चुनाव में हारी हुई 160 सीटों में से आधी सीटें जीतने की स्थिति में है। इन सीटों के लिए पार्टी ने लगभग दो वर्ष पहले से ही तैयारी शुरू कर दी थी और कई केंद्रीय मंत्रियों समेत वरिष्ठ पदाधिकारियों को इन सीटों की जिम्मेदारी भी सौंप थी। इन नेताओं ने इन सीटों पर लंबे-लंबे प्रवास करने के साथ ही कार्यकर्ताओं को न केवल सक्रिय किया, बल्कि हर बूथ की स्थिति का आकलन कर रणनीति भी तैयार की, जिसमें जाति और सामाजिक समीकरण प्रमुख रहे। इसी हिसाब से पार्टी ने यहां उम्मीदवार भी तय किए हैं। पार्टी को उम्मीद है कि इसके परिणाम उसके पक्ष में आएंगे।

**भाजपा ने गठबंधन का दायरा भी बढ़ाया :** आम चुनाव से पहले भाजपा ने अपने गठबंधन का दायरा भी बढ़ाया है और इसका लाभ भी इन सीटों पर उसे मिलने की संभावना है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि भाजपा की जो मौजूदा सीटें हैं, उसमें बहुत ज्यादा



नुकसान होने की संभावना नहीं है। कुछ सीटें इधर-उधर हो सकती हैं, लेकिन अधिकांश सीटें वह फिर से जीतने में सफल रहेगी।

**बचे चार चरणों के लिए रणनीति को मजबूत किया :** पार्टी ने आम चुनाव के बाकी चार चरणों के लिए अपनी रणनीति को और ज्यादा मजबूत किया है। अब हर बूथ पर एक वरिष्ठ नेता निगरानी करेंगे और वह बूथ की सभी टीमों का मार्गदर्शन भी करेंगे, ताकि किसी भी बूथ पर टीम शिथिल न पड़े और मतदान के दिन एजेंट से लेकर बाहर तैनात होने वाले कार्यकर्ता पूरी सजगता के साथ मतदान करने में सक्रिय रहें। दूसरी तरफ, पार्टी के बड़े नेता सघन प्रचार के साथ जनसंपर्क पर जोर देंगे। जिन नेताओं के चुनाव हो चुके हैं वे अब बाकी चुनाव क्षेत्र में जाकर जमीनी स्तर पर काम में जुटे हैं। विभिन्न सामाजिक वर्गों और समुदायों से भी वरिष्ठ नेता संपर्क और संवाद करेंगे। छोटी-छोटी बैठक कर लोगों को अपने पक्ष में लाने की कोशिश करेंगे। गठबंधन के लिए भी पूरी ताकत लगा रही भाजपा भाजपा गठबंधन के उम्मीदवारों के लिए भी पूरी ताकत लगा रही है। पार्टी ने अपने कार्यकर्ताओं को उन सीटों पर भी सक्रिय कर रखा है, जहां उसके अपने उम्मीदवार नहीं हैं। खासकर दक्षिण के राज्यों में पार्टी इस पर ज्यादा जोर दे रही है। भाजपा को सबसे ज्यादा उम्मीदें आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से हैं।

संक्षिप्त समाचार



# क्वार्टरफाइनल में हारीं मनिका बत्रा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यह चार प्रयासों में इस प्रतिद्वंद्वी पर मनिका की पहली जीत थी। इस समय विश्व रैंकिंग में 39वें नंबर पर काबिज मनिका इस प्रदर्शन के बाद शीर्ष 25 में पहुंच जाएंगी। भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा का यहां ग्रैंड स्मैश टूर्नामेंट में शानदार सफर गुरुवार को महिला एकल क्वार्टर फाइनल में जापान की हिना हयाता से 1-4 से हारकर समाप्त हो गया। इससे पहले वह एलीट डब्ल्यूडब्ल्यूटी टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बनी थीं।वह इस लय को क्वार्टरफाइनल में जारी नहीं रख सकीं और दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी हयाता से 11-7 6-11 4-11 11-13 2-11 से हार गईं। प्री क्वार्टर में उन्होंने दुनिया की 14वें नंबर की खिलाड़ी नीना मिट्टेलहम को हराया था। दूसरे दौर में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी वांग मान्यु को हराने के बाद बत्रा ने जर्मनी की नीना को 22 मिनट में 11-6, 11-9, 11-7 से मात दी। यह चार प्रयासों में इस प्रतिद्वंद्वी पर मनिका की पहली जीत थी। इस समय विश्व रैंकिंग में 39वें नंबर पर काबिज मनिका इस प्रदर्शन के बाद शीर्ष 25 में पहुंच जाएंगी।



टी20 विश्व कप में नहीं चुने गए

# न्यूज़ीलैंड के बल्लेबाज़ कॉलिन मुनरो ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**क्राइस्टचर्च, एजेंसी।** टी20 विश्व कप में जगह नहीं बना पाने वाले न्यूज़ीलैंड के बल्लेबाज़ कॉलिन मुनरो ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। 2020 से ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलने वाले मुनरो ने खुद को विश्व कप के लिए उपलब्ध घोषित किया था। न्यूज़ीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने पिछले दिनों टीम की घोषणा करते हुए कहा था कि मुनरो के नाम की चर्चा तो हुई थी, लेकिन इस बाएं हाथ के बल्लेबाज़ की जगह नहीं बन पाई।

37 वर्षीय मुनरो के नाम न्यूज़ीलैंड के लिए 123 अंतर्राष्ट्रीय मैच दर्ज है और वह पिछले चार साल से सिर्फ़ फ़्रैंचाइज़ क्रिकेट खेल रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद वह आगे भी फ़्रैंचाइज़ क्रिकेट खेलते रहेंगे।

मुनरो ने कहा, न्यूज़ीलैंड के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलना मेरे करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि रही है और मुझे हमेशा इस पर गर्व रहेगा। मुझे उम्मीद थी कि फ़्रैंचाइज़ क्रिकेट के फ़ॉर्म से मैं टीम में वापस लौटूंगा, लेकिन चूंकि अब ऐसा नहीं होने वाला इसलिए मैं आधिकारिक रूप से संन्यास की घोषणा करता हूं। मुनरो ने न्यूज़ीलैंड के लिए एक टेस्ट, 57 वनडे और 65 टी20 खेले हैं और उनके नाम वेस्टइंडीज़ के ख़िलाफ़ एक टी20 मैच में शतक भी दर्ज है। उन्होंने श्रीलंका के ख़िलाफ़ 14 गेंदों में अर्धशतक लगाया था, जो कि राष्ट्रीय रिकॉर्ड है।

# ज्योति याराजी का बेहतरीन प्रदर्शन, जीता स्वर्ण पदक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ज्योति याराजी ने भले ही पेरिस ओलंपिक के लिए 2.77 सेकेंड के क्वालीफाइंग मानक को हासिल नहीं किया, लेकिन वह विश्व रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की ओर अग्रसर हैं। विश्व एथलेटिक्स की रोड टू पेरिस सूची में ज्योति फिलहाल 26वें स्थान पर मौजूद हैं।

भारत की राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी ज्योति याराजी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को नीदरलैंड के वुघ्ट में हैरी शुल्टिंग खेलों में सीजन की पहली आउटडोर प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। ज्योति ने 100 मीटर बाधा दौड़ में यह उपलब्धि हासिल की।

पिछले साल हांगझू एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाली 24 वर्षीय याराजी ने विश्व एथलेटिक्स ई कैटेगरी की प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने के लिए 12.87 सेकेंड का समय निकाला जो उनके करियर का चौथा सर्वश्रेष्ठ समय है।

ज्योति याराजी ने भले ही पेरिस ओलंपिक के लिए 2.77 सेकेंड के क्वालीफाइंग मानक को हासिल नहीं किया, लेकिन वह विश्व रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की ओर अग्रसर हैं। विश्व एथलेटिक्स की रोड टू पेरिस सूची में ज्योति फिलहाल 26वें स्थान पर मौजूद हैं। पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में 40 धावक प्रतिस्पर्धा करेंगे जिनमें से 15 विश्व रैंकिंग के आधार से क्वालीफाई करेंगी, जबकि 25 एथलीट का प्रवेश क्वालीफाइंग मानक से होगा।

### पिछले साल 60 मीटर में जीता था स्वर्ण पदक

ज्योति याराजी का राष्ट्रीय रिकॉर्ड 12.78 सेकेंड का है जो उन्होंने पिछले साल वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स के दौरान हासिल किया था। उन्होंने फरवरी में तेहरान में एशियाई इंडोर चैंपियनशिप में 60 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक हासिल किया था।

## पेरिस ओलंपिक: ओलंपिक के लिए इन नामी जोड़ियों के साथ तैयारी करेंगे सात्विक-चिराग, देश में ही करेंगे प्रैक्टिस




**नई दिल्ली, एजेंसी।** सात्विक और चिराग ने विदेश की बजाय देश में ओलंपिक की तैयारियां करने का फैसला लिया है। अलेक्जेंडर डन और एडम हाल के साथ सात्विक और चिराग 22 से 30 जून तक मुंबई में तैयारियां करेंगे, जबकि आगुंग और एंग्रियावान के साथ दोनों पांच से 20 जुलाई तक हैदराबाद में तैयारियां करेंगे। पेरिस ओलंपिक में पदक की दावेदार राष्ट्रमंडल और एशियाड स्वर्ण विजेता बैडमिंटन जोड़ी सात्विक साईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को ओलंपिक की तैयारियां दो नामी विदेशी जोड़ियां कराएंगी। ये दोनों जोड़ियां यूरोपियन चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता स्कॉटलैंड के अलेक्जेंडर डन-एडम हाल और थॉमस कप पदक विजेता इंडोनेशिया के रेन आगुंग-बेरी एंग्रियावान हैं। सात्विक-चिराग इन दोनों जोड़ियों के साथ पेरिस की तैयारियां मुंबई और हैदराबाद में अंजाम देंगे। दोनों ही जोड़ियों को सात्विक-चिराग और उनके डेनमार्क के कोच मथायस बोए की सिफारिश पर बुलाया जा रहा है। साई ने दोनों की तैयारियों के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है, जिस पर तकरीबन साढ़े छह लाख रुपये का खर्च आएगा।

### जून और जुलाई आएंगी विदेशी जोड़ियां

सात्विक और चिराग ने विदेश की बजाय देश में ओलंपिक की तैयारियां करने का फैसला लिया है। अलेक्जेंडर डन और एडम हाल के साथ सात्विक और चिराग 22 से 30 जून तक मुंबई में तैयारियां करेंगे.

ऑलराउंडरों की बल्ले-बल्ले?

# आईपीएल से इंपैक्ट प्लेयर की होगी छुट्टी



**मुंबई, एजेंसीं।** बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा है कि आईपीएल में इंपैक्ट खिलाड़ी का नियम प्रयोग के तौर पर लागू किया गया था और सभी हितधारक चाहेंगे तो इस पर पुनर्विचार किया जा सकता है। इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम के कारण इस बार आईपीएल में आठ बार 250 से अधिक का स्कोर बना। खिलाड़ियों, कोचों और विशेषज्ञों ने भी बारंबार कहा है कि गेंदबाजों पर इस नियम का विपरीत असर हो रहा है क्योंकि इससे टीमों को अतिरिक्त बल्लेबाज मिल रहा है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि हरफनमौलाओं को इस नियम की वजह से गेंदबाजी के मौके नहीं मिल रहे।

शाह ने बीसीसीआई कार्यालय में चुनिंदा मीडिया से बातचीत में कहा, 'इंपैक्ट खिलाड़ी का नियम प्रयोग के तौर पर लागू किया गया था। वैसे इससे दो भारतीय खिलाड़ियों को खेलने का अतिरिक्त मौका मिल रहा है। क्या यह महत्वपूर्ण नहीं है। खेल भी और प्रतिस्पर्धी हो रहा है।' शाह ने कहा कि टी20 विश्व कप के बाद सभी पक्ष मिलकर इस पर बात करेंगे। उन्होंने कहा, 'खिलाड़ियों को लगता है कि यह सही नहीं है तो हम इस पर बात करेंगे। अभी तक किसी ने ऐसा कुछ कहा नहीं है। आईपीएल और विश्व कप के बाद बैठक में तय किया जाएगा।'

उन्होंने कहा, 'विश्व कप के बाद हम खिलाड़ियों, टीमों और प्रसारकों से मिलकर भविष्य के बारे में फैसला लेंगे।

यह स्थायी नियम नहीं है और मैं यह भी नहीं कह रहा कि हम इसे खत्म कर देंगे।' शाह ने यह भी कहा कि टी20 विश्व कप खेलने जा रहे भारतीय आईपीएल खिलाड़ियों को आराम की जरूरत नहीं है क्योंकि प्रतिस्पर्धा ही सर्वश्रेष्ठ तैयारी होती है।

उन्होंने कहा, 'आराम की क्या जरूरत है। यह अभ्यास सत्र की तरह ही है। इससे बेहतर तैयारी क्या हो सकती है। आपके सामने बेहतरीन टीम है जिसमें एक गेंदबाज न्यूजीलैंड का, एक ऑस्ट्रेलिया का, एक श्रीलंका का है। अगर हम एक गेंदबाज को आराम देते हैं तो उसे ट्रेविस हेड को गेंदबाजी का मौका नहीं मिलेगा। जब जसप्रीत बुमराह उसे गेंदबाजी करेगा तो ही समझ में आएगा कि उसे कैसे गेंद डालनी है।' शाह ने यह भी कहा कि बोर्ड का फोकस महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए मैचों की संख्या बढ़ाने पर भी है।

उन्होंने कहा, 'महिला क्रिकेट का ख्याल भी पुरुष क्रिकेट की तरह रखा जा रहा है। बांग्लादेश में विश्व कप होना है और हम द्विपक्षीय सीरीज भी खेल रहे हैं।'

# भारतीय महिला टीम का बांग्लादेश का 5-0 से क्लीन स्वीप

## पांचवें टी-20 मैच में 21 रन से हराया, राधा ने लिए 3 विकेट लिए




**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने सिलहट में खेले गए आखिरी टी-20 मैच में बांग्लादेश को 21 रन से हराया। इसके साथ ही पांच टी-20 मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप कर लिया है। इस मैच में भारत ने टॉस जीत कर पहले बैटिंग का फैसला किया।

भारतीय महिला टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 156 रन बनाए। इसके जवाब में बांग्लादेश टीम 135/6 रन ही बना सकी। भारत ने इस सीरीज को 5-0 से अपने नाम कर लिया। भारतीय टीम ने 5 टी-20 मैचों की सीरीज पर 5-0 से कब्जा जमाया।

### हेमलता और हरमन के बीच 60 रन की साझेदारी

भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही। भारत को पहला झटका 25 रन के स्कोर पर लगा। शेफाली वर्मा 14 गेंदों पर 14 रन बना कर आउट हो गईं। दूसरा विकेट 62 रन पर गिरा। स्मृति मंधाना ने 25 गेंदों पर 33 रन बनाए।

डी हेमलता ने पहले मंधाना के साथ 37 रन की पार्टनरशिप की और उसके बाद हरमनप्रीत कौर के साथ तीसरे विकेट के लिए 40 गेंदों पर 60 रन की साझेदारी कर टीम को मजबूत स्कोर देने में अहम भूमिका निभाई।

### बांग्लादेश की शुरुआत खराब

157 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही। 19 रन पर ओपनर शेभना मोस्ट्री आउट हो गईं। उन्होंने 9 गेंदों का सामना कर 13 रन बनाए। वहीं दिलारा अख्तर भी 4 रन बना कर पवेलियन लौट गईं। 48 रन के स्कोर पर बांग्लादेश के 4 विकेट गिर गए। जिसके बाद रितु मोनी और शोरफिया खातून ने बांग्लादेश की पारी को संभाला और छठे विकेट के लिए 41 गेंदों पर 57 रन की पार्टनरशिप की और टीम को संकट से उभारने की कोशिश की।

मोनी ने 37 रन और शोरिफा खातून ने नाबाद 28 रन की पारी खेली, पर वह टीम को जीत नहीं दिला सकी। बांग्लादेश 6 विकेट पर 135 रन ही बना सकी।

### राधा यादव ने लिए तीन विकेट

राधा यादव ने 4 ओवर में 24 रन देकर 3 विकेट लिए। उनके अलावा आशा शोभना ने 4 ओवर में 25 रन देकर 2 विकेट लिए। राधा यादव ने पूरी सीरीज में 10 विकेट लिए।



# आईपीएल डेब्यू पर ही विदवथ कावेरप्पा ने किया कमाल

### लंबे समय के बाद मिला मौका

**नईदिल्ली, एजेंसी।** 2024 में भारत के कई युवा खिलाड़ियों ने अब तक अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया है। खास तौर पर इस सीजन युवा तेज गेंदबाजों ने कई मैचों में कमाल का प्रदर्शन किया। ऐसा ही कुछ पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेले गए मुकाबले के दौरान भी देखने को मिला। जहां लंबे इंतजार के बाद, कर्नाटक के उभरते तेज गेंदबाज विदवथ कावेरप्पा को गुरुवार, 9 मई को आईपीएल में डेब्यू करने का मौका मिला.

### विराट कोहली को किया परेशान

पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन ने उन्हें आरसीबी के खिलाफ खेलने का मौका दिया और उन्हें नई गेंद से गेंदबाजी करने के लिए बुलाया। जहां उन्होंने यह साबित किया कि उन्हें घरेलू क्रिकेट में इतना ऊंचा दर्जा क्यों दिया जाता है। 25 वर्षीय खिलाड़ी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के इस सीजन के सबसे शानदार बल्लेबाज विराट कोहली को शुरुआती ओवर में काफी परेशान किया और कोहली ने उनकी गेंद पर एक गलती भी की थी।

# अगर द्रविड़ दोबारा आवेदन करना चाहते हैं, तो कर सकते हैं: बीसीसीआई

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने पुष्टि की कि भारत की पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच की नियुक्ति प्रक्रिया आने वाले सप्ताह में शुरू होने वाली है। शाह ने यह भी कहा कि मौजूदा मुख्य कोच राहुल द्रविड़ अगर अपना कार्यकाल बढ़ाना चाहते हैं तो इस पद के लिए दोबारा आवेदन कर सकते हैं। शाह ने मुंबई में बीसीसीआई मुख्यालय में बातचीत के दौरान कहा, हम अगले कुछ दिनों में आवेदन मंगाएंगे। राहुल द्रविड़ का कार्यकाल जून में खत्म हो रहा है।

अगर वह दोबारा आवेदन करना चाहते हैं, तो कर सकते हैं। बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण कोच जैसे कोचिंग स्टाफ का फैसला नए कोच के परामर्श के बाद किया जाएगा। पिछले नवंबर में वनडे विश्व कप के फाइनल में भारत की हार के बाद उनका दो साल का अनुबंध समाप्त होने के बाद द्रविड़ को टी20 विश्व कप तक अल्पकालिक विस्तार दिया गया था। शाह ने यह भी पुष्टि की कि नए मुख्य कोच को 2027 में वनडे विश्व कप तक कार्यभार संभालने की पेशकश की जाएगी। हालाँकि, शाह ने एक विदेशी कोच की संभावना से इंकार नहीं किया और इस मुद्दे को खुला छोड़ दिया, यह संकेत देते हुए कि बोर्ड के विभिन्न प्रारूपों के लिए अलग-अलग कोचों पर विचार करने की संभावना नहीं है, यह प्रणाली इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) जैसे बोर्ड द्वारा अपनाई गई है और यहां तक कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) में भी है । हम तीन साल के लिए एक दीर्घकालिक कोच की तलाश कर रहे हैं। हम यह तय नहीं कर सकते कि नया कोच भारतीय होगा या विदेशी। यह सीएसी पर निर्भर करेगा और हम एक वैश्विक संस्था हैं। यह निर्णय भी वही करेगा सीएसी में विराट कोहली, रोहित शर्मा और ऋषभ पंत जैसे कई ऑल-फॉर्मेट खिलाड़ी हैं, इसके अलावा, भारत में ऐसी स्थिति की कोई मिसाल नहीं है।



पूर्व बल्लेबाज अशोक मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली और जतिन परांजपे और सुलक्षणा नाइक सहित तीन सदस्यीय क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) को राष्ट्रीय चयनकर्ता की लंबी नियुक्ति को अंतिम रूप देना होगा और उससे पहले कुछ साक्षात्कार पहले ही हो चुके हैं। शाह ने कहा, चयनकर्ता पद के लिए कुछ साक्षात्कार पहले ही हो चुके हैं। नाम को अंतिम रूप देने के लिए सीएसी एक सप्ताह में बैठक करेगी और हम जल्द ही इसकी घोषणा करेंगे।

शाह ने लाल गेंद वाले क्रिकेट के महत्व पर भी जोर दिया लेकिन कहा कि व्यक्तिगत राज्य संघ यह तय करेंगे कि अपने घरेलू खिलाड़ियों को अधिक भुगतान करना है या नहीं। इसके अतिरिक्त, उन्होंने खुलासा किया कि केंद्रीय अनुबंध में ए ग्रेड प्राप्त करने वाले हार्दिक पांड्या ने घरेलू सफेद गेंद क्रिकेट में भाग लेने के लिए सहमति दे दी है। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि घरेलू क्रिकेट लीग संरचना का जल्द ही खुलासा किया जाएगा और बेंगलुरु के हाई-परफॉर्मेंस सेंटर में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) अगस्त में व्यवसाय के लिए खुलेगी। आईपीएल के 2023 संस्करण में पेश किए गए इम्पैक्ट प्लेयर नियम से जुड़े विवादों के बीच, जय शाह ने कहा कि इम्पैक्ट प्लेयर नियम एक परीक्षण मामले के रूप में लाया गया था। अच्छी बात यह है कि यह हर मैच में दो और भारतीय खिलाड़ियों को खेलने का अतिरिक्त अवसर प्रदान कर रहा है।

हम फेंचाइजी कप्तानों, खिलाड़ियों, फेंचाइजी और प्रसारकों से परामर्श करेंगे और फिर भविष्य के बारे में निर्णय लेंगे। यह कोई स्थायी नियम नहीं है और न ही मैं यह कह रहा हूं कि हम इससे आगे बढ़ेंगे।

इस साल के अंत में शाह के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष के रूप में ग्रेग बार्कले की जगह लेने की भी उम्मीद है, इन अटकलों को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, अटकलें होने दीजिए। मुझे यहीं (बीसीसीआई में) रहने दीजिए। क्या मैं (बीसीसीआई सचिव के रूप में) अच्छा काम नहीं कर रहा हूं?

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, शनिवार 11 मई 2024


स्वच्छता अभियान के अंतर्गत निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार आज चिरहुला मंदिर एवं चिरहुला पार्क में श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चित्र उसी दृश्य का।



## नेशनल लोक अदालत आज, 53 खण्डपीठों में होगी प्रकरणों की सुनवाई

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुबोध कुमार जैन के मार्गदर्शन में 11 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसमें आपसी सुलह से प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। प्रकरणों की सुनवाई के लिए 53 खण्डपीठें गठित की गयी हैं। इनमें पीठासीन अधिकारी तथा सहयोग देने के लिए सुलहकर्ता सदस्य तैनात किये गये हैं। जिला न्यायालय परिसर रीवा के साथ-साथ तहसील न्यायालय सिरमौर, त्योंथर, मऊगंज एवं हनुमना में भी लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है। जिला न्यायालय में 29 खण्डपीठ, तहसील विधिक सेवा समिति मऊगंज में 7 खण्डपीठ, सिरमौर में 6 खण्डपीठ, त्योंथर में 5 खण्डपीठ एवं तहसील विधिक सेवा समिति हनुमना में 2 खण्डपीठ गठित की गयी हैं। इसके अतिरिक्त कुटुम्ब न्यायालय, जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम, औद्योगिक न्यायालय एवं श्रम न्यायालय की खण्डपीठों द्वारा भी आपसी सुलह समझौते के आधार पर प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। लोक अदालत के दीवानी, फौजदारी, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति (क्लेम), 138 चेक बाउंस, विद्युत, श्रम, भू-अर्जन, नगर पालिका निगम, प्री लिटिगेशन प्रकरण निराकरण के लिए रखे जायेगें। नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के लिए खण्ड पीठ क्रमांक एक में विशेष न्यायाधीश श्री सुरेन्द्र कुमार, खण्डपीठ क्रमांक 2 में जिला न्यायाधीश श्री विक्रम सिंह, खण्डपीठ क्रमांक 3 में जिला न्यायाधीश श्री रमेश रंजन चौबे, खण्डपीठ क्रमांक 4 में जिला न्यायाधीश श्री देवेन्द्र सिंह पाल, खण्डपीठ क्रमांक 5 में जिला न्यायाधीश श्री केशव सिंह, खण्डपीठ क्रमांक 6 में जिला न्यायाधीश श्री आनंद गौतम तथा खण्डपीठ क्रमांक 7 में जिला न्यायाधीश श्री प्रवीण पटेल को तैनात किया गया है। इसी तरह खण्डपीठ क्रमांक 8 में जिला न्यायाधीश श्रीमती पदमा जाटव, खण्डपीठ क्रमांक 9 जिला न्यायाधीश दिलीप सिंह, खण्डपीठ क्रमांक 10 में जिला न्यायाधीश संदीप श्रीवास्तव, खण्डपीठ क्रमांक 11 में जिला न्यायाधीश शशांक खरे, खण्डपीठ क्रमांक 12 में जिला न्यायाधीश संतोष कुमार तिवारी, खण्डपीठ क्रमांक 13 में जिला न्यायाधीश धर्मेन्द्र सोनी, खण्डपीठ क्रमांक 14 में जिला न्यायाधीश श्रीमती प्रीतिशिखा अग्निहोत्री, खण्डपीठ क्रमांक 15 में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री रूपसिंह कनेल तथा खण्डपीठ 16 में वरिष्ठ खण्ड न्यायाधीश श्री देवदत्त प्रकरणों की सुनवाई करेंगी। इसी प्रकार खण्डपीठ 17 में न्यायाधीश श्री अक्षत तयाल, खण्डपीठ 18 में न्यायाधीश श्री पन्ना नागेश, खण्डपीठ 19 में न्यायाधीश श्री ललित कुमार मईड़ा, खण्डपीठ 20 में न्यायाधीश सुश्री अंजली अग्रवाल, खण्डपीठ 21 में न्यायाधीश श्री अमित सिंह धुर्वे, खण्डपीठ 22 में सुश्री अदिति अग्रवाल, खण्डपीठ 23 में कनिष्ठ खण्ड न्यायाधीश सुश्री स्वाती रघुवंशी, खण्डपीठ क्रमांक 24 में कनिष्ठ खण्ड न्यायाधीश सुश्री चेतना झारिया, खण्डपीठ 25 में कनिष्ठ खण्ड न्यायाधीश सुश्री पूर्वी राय, खण्डपीठ 26 में कनिष्ठ खण्ड न्यायाधीश श्री दिलीप महोर, खण्डपीठ 27 में कनिष्ठ खण्ड न्यायाधीश सुश्री सृष्टि चौरसिया, खण्डपीठ 28 में कनिष्ठ खण्ड न्यायाधीश सुश्री ऋचा भट्ट तथा खण्डपीठ 29 में कनिष्ठ खण्ड न्यायाधीश सुश्री कंचन सैनिक प्रकरणों की सुनवाई करेंगी। खण्डपीठ क्रमांक 30 में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री शिवकान्त, खण्डपीठ क्रमांक 31 में अध्यक्ष जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम श्री सुदीप कुमार श्रीवास्तव, खण्डपीठ क्रमांक 32 में न्यायाधीश औद्योगिक न्यायालय श्री के.के. मिश्रा, खण्डपीठ क्रमांक 33 में न्यायाधीश श्रम न्यायालय श्री अमित नगायच, खण्डपीठ क्रमांक 34 में न्यायाधीश मऊगंज के अतिरिक्त जिला न्यायाधीश श्री आदेश कुमार जैन, खण्डपीठ क्रमांक 35 में प्रथम जिला न्यायाधीश मऊगंज श्री संजीव कटारे, खण्डपीठ क्रमांक 36 में द्वितीय जिला न्यायाधीश मऊगंज हीरालाल अलावा, खण्डपीठ क्रमांक 37 में प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड मऊगंज श्री साजिद मोहम्मद, खण्डपीठ क्रमांक 38 में प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड मऊगंज श्रीमती गीता उईके, खण्डपीठ क्रमांक 39 में तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड मऊगंज श्री आनंद बागरी, खण्डपीठ क्रमांक 40 में द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड मऊगंज सुश्री ओशी जैन, खण्डपीठ क्रमांक 41 में जिला न्यायाधीश सिरमौर श्री संतोष चौहान, खण्डपीठ क्रमांक 42 में जिला न्यायाधीश सिरमौर के अतिरिक्त श्री संजय वर्मा, खण्डपीठ क्रमांक 43 में न्यायिक मजिस्ट्रेट वरिष्ठ खण्ड सिरमौर श्रीमती नेहा रहमान, खण्डपीठ क्रमांक 44 में न्यायिक मजिस्ट्रेट वरिष्ठ खण्ड सिरमौर डॉ. श्री अल्तमश रहमान, खण्डपीठ क्रमांक 45 में न्यायिक मजिस्ट्रेट वरिष्ठ खण्ड सिरमौर श्रीमती भारती केशरी कश्यप, खण्डपीठ क्रमांक 46 में तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड सिरमौर श्री अमित कुमार शर्मा, खण्डपीठ क्रमांक 47 में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश त्योंथर श्री दयाराम कुमरे, खण्डपीठ क्रमांक 48 में अतिरिक्त जिला एवं अपर सत्र श्री कमलेश मीणा, खण्डपीठ क्रमांक 49 में व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड त्योंथर सुश्री वंदना सोनी, खण्डपीठ क्रमांक 50 मे व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड त्योंथर श्रीमती नीघू श्रीवास्तव, खण्डपीठ क्रमांक 51 में प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड त्योंथर श्रीमती मोहनी भदौरिया, खण्डपीठ क्रमांक 52 में न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड हनुमना श्री विनोद कुमार चौधरी तथा खण्डपीठ क्रमांक 53 में न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड हनुमना श्रीमती कीर्ति दुबे प्रकरणों की सुनवाई करेंगी।

## पेंटियम प्वाइंट कॉलेज ऑफ़ मैनेजमेंट के छात्र-छात्राओं ने किया औद्योगिक शैक्षणिक भ्रमण



**रीवा।** शहर में स्थित पेंटियम पॉइंट ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के पेंटियम प्वाइंट कॉलेज ऑफ़ मैनेजमेंट के विद्यार्थियों ने मंगलवार को रीवा शहर में स्थित विंध्या टेलिलिंक्स लिमिटेड कंपनी का औद्योगिक एवं शैक्षणिक भ्रमण किया।छात्रों के इस औद्योगिक भ्रमण का नेतृत्व पेंटियम प्वाइंट कॉलेज आफ मैनेजमेंट की तरफ से प्राचार्या डॉ मोना तिवारी ने किया उनके नेतृत्व में लगभग 30 से अधिक छात्रों ने इस औद्योगिक शैक्षणिक भ्रमण में भाग लिया।भ्रमण के दौरान छात्र - छात्राओं को उत्पादों को बाजार में बेहतर गुणवत्ता प्रदान करने के लिए उत्पादन से पहले और उत्पादन के बाद होने वाली प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। कंपनी के कर्मचारियों द्वारा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं का व्यवस्थित भ्रमण कराया गया,तथा छात्रों के विषय से संबंधित समस्त गतिविधियों की जानकारी दी गई।सक्षम कर्मचारियों और अत्याधुनिक उपकरणों द्वारा समर्थित ये गुणवत्ता युक्त उत्पादन को उनके प्रतिस्पर्धियों की तुलना में एक अलग वर्ग बनाते हैं।छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ क्योंकि उन्होंने ऑपरेशन और सेल्स की तैयारी की विनिर्माण प्रक्रिया को व्यावहारिक रूप से देखा। इस भ्रमण ने छात्रों को उद्यमिता कौशल और अपना स्वयं का स्टार्ट-अप करने के तरीके के बारे में भी प्रेरित किया।छात्रों के लिए अद्भुत सीखने के अनुभव थे क्योंकि उन्होंने सैद्धांतिक शिक्षा और व्यावहारिक प्रदर्शन के बीच की खाई को पाट दिया और कंपनी की आंतरिक कार्य रणनीति में अंतर्दृष्टि प्रदान की और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। छात्रों ने विनिर्माण संयंत्रों की कार्यप्रणाली, संयोजन, समन्वय, विभागीकरण, उत्पादन, पैकेजिंग और लेबलिंग के बारे में सीखा।

## उपमुख्यमंत्री ने भाजपा नेता गोविंद मालू के निधन पर किया शोक व्यक्त

**रीवा।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल एवं रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने खनिज विकास निगम के पूर्व उपाध्यक्ष, भाजपा के पूर्व प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं प्रदेश प्रवक्ता श्री गोविन्द मालू के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया है।

उपमुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा श्री गोविंद मालू जी ने कर्मठता से संगठन के विभिन्न दायित्वों को निर्वाहन किया। श्री मालू का असमय निधन भाजपा परिवार के लिए बड़ी क्षति है। उन्होंने ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने श्री गोविंद मालू के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा की श्री मालू पार्टी के आदर्श कार्यकर्ता सहज सरल व्यक्तित्व के धनी नेता थेउन्होने कहा की ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दे और उनके परिजनों को यह दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करें। भाजपा के वरिष्ठ नेता कमलेश्वर सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष विद्या प्रकाश श्रीवास्तव वीरेंद्र गुप्ता रमेश गर्ग लोकसभा संयोजक प्रबोद व्यास मऊगंज भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजेंद्र मिश्रा भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अनिल पटेल योगेंद्र शुक्ला प्रद्युम्न सिंह राजगोपाल चारी शिवम द्विवेदी शेखर सचदेवा प्रकाश सोनी श्रीमती सरिता सिंह उर्मिला सिंह दुबे संजुला सिंह श्रीमती विभा पटेल उमाशंकर पटेल नीरज पटेल अश्विनी शर्मा बाला द्विवेदी नजमा बेगम राजीव खंडेलवाल सहित समस्त भाजपा कार्यकर्ता ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

## 9286 विद्यार्थियों को मिलेगी छात्रवृत्ति

**रीवा।** शासन द्वारा अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को प्री मैट्रिक तथा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति दी जाती है। रीवा संभाग में वर्ष 2023-24 में अनुसूचित जाति के 9286 विद्यार्थियों को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति देने के लिए आवेदन पत्र दर्ज किए गए हैं। इनमें से 8513 आवेदन पत्र निराकृत कर दिए गए हैं। एनपीसीआई पोर्टल बंद होने के कारण 773 आवेदन पत्र अभी भी लंबित हैं। रीवा जिले में कुल 3292 छात्रवृत्ति के आवेदन दर्ज किए गए। इनमे से 2989 का निराकरण हो गया है।

## श्रीमानसपीठ खजुरीताल क्षेत्र हुआ राममय

### हनुमत सेवा अभियान के तहत हुआ सामूहिक रूप से 2100 हनुमान चालीसा पाठ



**मैहर।** आदिकाल के धार्मिक केंद्र श्रीमानसपीठ खजुरीताल धाम में पाटोत्सव के चतुर्थ दिवस में शायंकालीन बेला में पादुकापूजन कार्यक्रम हुआ तत्पश्चात परम पूज्य सद्गुरुदेव भगवान जगद्गुरू श्रीरामललाचार्य जी महराज के मार्गदर्शन में युवा एकता परिषद द्वारा हनुमंतलाल की सेवा व धर्म जन जागृति हेतु प्रत्येक मंगलवार चलाए जा रहे हनुमत सेवा अभियान के तहत 19 वें अवसर पर खजुरीनाथ सरकार,हनुमान मंदिर प्रांगण में युवा एकता परिषद के संरक्षक हनुमत सेवक पंडित सचिन शर्मा सूर्या द्वारा युवा साथियों के साथ मिलकर साफ सफाई, सिंदूरअर्पण, चोला सर्पण, ध्वजा अर्पण करते हुए हनुमान जी महराज का भव्य श्रृंगार किया। उसके बाद सुंदरकांड व फल मिष्ठान व प्रसाद वितरित किया। खजुरीनाथ सरकार के दरबार में सामूहिक रूप से 2100 हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उस दौरान जहाँ जय श्रीराम जय हनुमान जी महराज के नारे से दरबार गूँज उठा। सांध्यकालीन बेला में हनुमतगाथा का शुभारंभ करते हुए पाटोत्सव के आयोजक श्रीमानस पीठाधीश्वर जगद्गुरु श्रीरामललाचार्य जी महाराज ने कथाव्यास गद्दी पूजन किया। हनुमतगाथा सुनाते हुए डॉक्टर रामविलास दास वेदांती जी महाराज ने बताया की श्री हनुमान जी स्वयं शंकर जी ही हैं, जो अंजना के गर्भ से जन्म लिए। श्रीराम जी की सेवा करने के लिए शंकर जी ने जन्म लिया। तमिलनाडु और आँध्रप्रदेश के मध्य सीमा में एक गाँव हनुरूह है, जहाँ हनुमान जी का जन्म हुआ,जिसके कारण हनुमान जी का नाम हनुमान पड़ा था। इनका स्मरण मात्र करने से संकट दूर हो जाता है या यूँ कहें की संकट दूर करने का मंत्र ही श्री हनुमान हैं।

## वन विभाग ने किया तेंदुए का रेस्क्यू, इटमा के ग्रामीणों को मिली राहत

**रीवा।** वनपरिक्षेत्र सिरमौर के इटमा में तेंदुए का रेस्क्यू किया गया। इटमा के ग्रामीणों को राहत मिली है। विगत माह से पशुहानि के कई प्रकरण संज्ञान में आए थे। रीवा वन विभाग के अमले ने नाइट विजन कैमरे से सतत गश्त, ड्रोन से एरिया मेपिंग, तेंदूए के संभावित रूट में कैमरा ट्रैप का स्थापन किया था। पिंजरे में कैद तेंदुआ 4 वर्ष की वयस्क मादा है और पूरी तरह स्वस्थ है। वन मण्डल अधिकारी रीवा, वन परिक्षेत्र अधिकारी सिरमौर, वन्यप्राणी विशेषज्ञ एवं पशुचिकित्सक की उपस्थिति में केज ट्रांसफर करके अतिरिक्त सुरक्षा टीम प्रमोद दि?वेदी परिक्षेत्र सहायक सिरमौर, सुखलाल साकेत परिक्षेत्र सहायक पटेहरा के साथ रेस्क्यू वाहन तेंदुए को सुरक्षित दूर जंगल में छोड़ा। वनमण्डल रीवा के वनपरिक्षेत्र सिरमौर अंतर्गत ग्राम इटमा में विगत



माह से पशुहानि के कई प्रकरण संज्ञान में आए थे। रीवा वन विभाग ने स्थिति को गंभीरता से लिया एवं जनहानि के जोखिम को संबोधित करने हेतु, ग्रामीणों के निवेदन एवं रेंज ऑफिसर के प्रतिवेदन के आधार पर वन मण्डल अधिकारी रीवा द्वारा मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक को पत्र लिखकर तेंदूए को जनहित में रेस्क्यू करने के निवेदन किया था। इसके तारतम्य में उक्त कार्यालय द्वारा वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 11(1) अ अंतर्गत अनुमति जारी की गई। वरिष्ठ कार्यालय से अनुमति मिलने के पश्चात वन अमला रणनीति बनाते हुए बीती शाम को मुकुंदपुर वन्यप्राणी विशेषज्ञ, वन परिक्षेत्र अधिकारी सिरमौर एवं अन्य स्टाफ की उपस्थिति में ट्रैप केज स्थापित कर दिया गया था। तेंदुए ने रात को ही गांव में एक और बछड़े पर हमला किया। लेकिन वन अमले ने मवेशी के शरीर को संरक्षित कर लिया, जिसके उपरांत भूख से विवश होकर तेंदुआ ट्रैप केज के पास पहुंच गया। तेंदुआ ट्रैप केज में कैद हो गया।

## विश्व रेड क्रॉस दिवस पर आयोजित हुई शोध संगोष्ठी

**रीवा।** विंध्य क्षेत्र का ऐतिहासिक एवं गौरवशाली शिक्षण संस्थान शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा के समाज कार्य विभाग एवं युवक रेडक्रॉस इकाई द्वारा विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर "सामाजिक प्रगति और विकास के लिए मानवता एक आवश्यक तत्व" विषय पर युवा फ्लैगशिप के अंतर्गत आई.क्यू.ए.सी. के तत्वावधान में शोध संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी के द्वारा की गई। मुख्य वक्ता डॉ. धीरेन्द्र मिश्रा एसोसियेट प्रोफेसर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सतना तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. उमेश प्रताप सिंह श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा थे। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी ने कहा कि विश्व रेडक्रास दिवस मनाने का उद्देश्य यह है कि हम रेडक्रास के सिद्धांतों का पालन करें और उन स्वयंसेवकों को सम्मान दें जो समाज सेवा में सक्रिय रूप से अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से सामाजिक प्रगति और विकास के लिए मानवता एक आवश्यक तत्व है। संयोजक प्रोफेसर अखिलेश शुक्ल ने शोध संगोष्ठी के उद्देश्यों का वाचन करते हुए कहा कि मानव विकास लोगों पर संकेंद्रित है।

## हिन्दू क्षत्रिय वाहिनी संगठन द्वारा निकाली गई

### महाराणा प्रताप जी की शौर्य यात्रा



**रीवा।** हिन्दू क्षत्रिय वाहिनी संगठन द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की शौर्य यात्रा का आयोजन किया गया। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की शौर्य यात्रा को संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर तरुणेन्द्र शेखर प्रताप सिंह के द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ किया गया। महाराणा प्रताप की शौर्य यात्रा मार्तंण?ड स्कूल से चलकर कॉलेज चौराहा सिरमौर चौराहा अस्पताल चौराहा प्रकाश चौराहा शिल्पी प्लाजा होते हुए विवेकानंद पार्क में संपन्न हुई। शौर्य में बड़े हासौल्लास के साथ सर्व समाज के लोगों ने भाग लिया शौर्य यात्रा का स्वागत शहर के विभिन्न व्यापारियों द्वारा किया गया जिसमें सिरमौर चौराहा में महेश स्वीट्स, अमहिया में वनस्पति बीज भंडार व शिल्पी प्लाजा में खत्री बूट हाउस के द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की शौर्य यात्रा को सफल बनाने के लिए हिन्दू क्षत्रिय वाहिनी वाहिनी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कु तरुणेन्द्र शेखर प्रताप सिंह द्वारा प्रशासन पत्रकार बंधु व्यापारी बंधुओ एवं सर्व समाज व संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया है। शौर्य यात्रा में प्रमुख रूप से शत्रुघ्न सिंह सलैया, केडी सिंह चंदेल शिल्परा, संग्राम सिंह, दिनेश सिंह, अभिषेक सिंह, राहुल सिंह सेंगर, मानवेंद्र सिंह गहरवार, बृजेंद्र सिंह परिहार, सुखेंद्र सिंह बघेल, मनोज विश्वकर्मा, शैलेश मिश्रा आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## नगर निगम की आईईसी टीम द्वारा चिरहुला मन्दिर में किया गया श्रमदान

**रीवा।** स्वच्छता अभियान के अंतर्गत निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार आज दिनांक 10/05/2024 को चिरहुला मंदिर एवं चिरहुला पार्क में श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे मंदिर परिसर की सफाई तथा पार्क एवं तालाब में एकत्रित हो रहे जल कुम्भी को बड़ी मानव श्रृंखला बनाकर साफ सफाई की गई। श्रमदान के दौरान पाया गया कि अपने शहर को साफ रखने में ज्यादा से ज्यादा मात्रा में लोग जुड़ते है श्रमदान के माध्यम से यह भी देखा जा रहा है कि नव युवाओं में अपने शहर के साफ सफाई को लेकर नया उत्साह जागृत हुआ है। श्रमदान के माध्यम से नगर निगम सभी नागरिकों से अपील करता है कि सभी नागरिक अपने शहर को साफ और स्वच्छ रखने में योगदान दे सप्ताह में 1 दिन कहीं ना कहीं शहर के किसी भी हिस्से में श्रमदान अवश्य करें।

## स्वास्थ्य केन्द्रों में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन 14 मई को

### जन समुदाय को स्वास्थ्य सुविधाएं उनके निवास के नजदीक ही उपलब्ध कराने का लक्ष्य

**रीवा**

जन समुदाय को स्वास्थ्य सुविधाएं सतत एवं सुचारू रूप से मिलती रहें इसके लिए 14 मई को रीवा जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के माध्यम से विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी। इस दिवस को आयुष्मान आरोग्य शिविर के रूप में आयोजित किया जायेगा। इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन प्रत्येक विकासखण्ड के सभी स्वास्थ्य संस्थाओं जैसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर (प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक एवं उपस्वास्थ्य केंद्र) में आयोजित किया जायेगा। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि जन समुदाय को स्वास्थ्य सुविधाएं उनके निवास के नजदीक ही उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक विकासखण्ड के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में आयुष्मान आरोग्य स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

शिविर को आयोजित किये जाने का मुख्य उदेश्य व्यक्ति को स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाना है जो स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित है। शिविर की मॉनीटरिंग जिला स्तर पर गठित टीम द्वारा की जाएगी। शिविर के लिए सभी विकासखण्डों में नोडल अधिकारी तैनात कर दिए गए हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि शिविर में सभी पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड एवं आभा आईडी का बनाई जाएगी। शिविर में डायबिटीज, हाईपरटेंशन, ओरल सर्वाइकल एवं ब्रोस्ट कैंसर, मानसिक रोग, नाक, कान एवं गले की जांच,टीबी, फेफड़ों के रोग एवं अन्य संचारी रोगों की स्क्रीनिंग की जाएगी। शिविर में मातृ-शिशु स्वास्थ्य पोषण एवं टीकाकरण तथा आँखों से संबंधित देखभाल एवं जांच संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। शिविर में सिकल सेल एनीमिया की स्क्रीनिंग एवं पूर्व प्रभाव वाले क्षेत्रों में सिकल सेल कार्ड का वितरण, निशुल्क जाँच एवं दवाओं की उपलब्धता, वेलनेस गतिविधियों का आयोजन करते हुये विभिन्न विषयों जैसे व्यक्तिगत स्वच्छता, योग, उचित खान-पान, एनीमिया पर चर्चा की जाएगी। शिविर में हितग्राहियों का एन.सी.डी., मोतियाबिंद के लिए आँखों का परीक्षण, वृद्धावस्था से संबंधित एन.सी.डी., मानसिक स्वास्थ्य, बधिरता स्क्रीनिंग की जाएगी।

शिविर में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत विशेषज्ञों चिकित्सकों द्वारा हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की जांच की जाएगी और उन्हें उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। शिविर में रक्तदान एवं अंगदान के लिए ई-रक्त कोष पोर्टल एवं ऑर्गन रजिस्ट्रेशन पोर्टल में एन्ट्री की जाएगी।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833